


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 हरभजन ने बुमराह को मैक्ग्रा, वाल्श और एम्ब्रोस जैसा गेंदबाज ...

रक्षा मंत्री की रूस यात्रा, नौसेना के नए युद्धपोत 'आईएनएस ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 235 | नई दिल्ली, मंगलवार, 10 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 36°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 81,500 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

# पीएम मोदी ने पानीपत में बीमा सखी स्कीम लॉन्च की

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने को बीमा सखी योजना की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन और भी वजह से विशेष है। आज नौ तारीख है। शास्त्रों में नौ के अंक को बहुत शुभ माना जाता है। नौ का अंक नवदुर्गा की नौ शक्तियों से जुड़ा है। आज का दिन नारी शक्ति की उपासना का है। पीएम मोदी ने कहा कि नौ दिसंबर को ही संविधान सभा की पहली बैठक हुई थी।

### डबल इंजन सरकार अब तीन गुना तेजी से काम करेगी

उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार किसानों के लिए भी ईमानदारी से काम कर रही है। हरियाणा में अब तक किसानों को एमएसपी के रूप में एक लाख करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। इसके अलावा सूखा प्रभावित इलाकों में 800 करोड़ रुपए दिए हैं। आज मैं हरियाणा के सभी लोगों को फिर से भरोसा दे रहा हूं कि राज्य का तेजी से विकास होगा। डबल इंजन सरकार तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेजी से काम करेगी। उन्होंने कहा कि आज कल वे (कांग्रेस) लोग बड़े परेशान हैं कि मोदी को माताओं और बहनों का आशीर्वाद मिलता जा रहा है। ये समझने के लिए उन्हें बीते दस सालों के सफर को याद करना होगा। दस साल पहले माताओं बहनों के पास कोई शौचालय नहीं था। गैस कनेक्शन नहीं था। मोदी ने उन्हें ये दोनों चीजें दिलाई। घरों में पानी नहीं था। हमने घर-घर तक पानी पहुंचाया। महिलाएं अब घर की मालकिन बन चुकी हैं। महिलाओं की मांग थी कि विधानसभा में हमें पूरा नेतृत्व मिले। हमने उसकी भी व्यवस्था कर दी है। उन्होंने कहा कि आज देश में आधुनिक खेती, प्राकृतिक खेती, नेचुरल खेती को बढ़ावा मिल रहा है। इसमें कृषि दीदी बहुत अच्छा योगदान दे रही हैं। ऐसे ही पशु सखी भी देश के विकास में अपना योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप के जरिए ग्रामीण महिलाओं को जोड़ा है। आज देश की दस करोड़ बहनें ग्रुप में जुड़ी हैं। वह इस ग्रुप के जरिए कमाई कर रही हैं। सरकार ने महिलाओं को आठ लाख करोड़ रुपए से ज्यादा मदद दी है। आपकी भूमिका असाधारण है, आपका योगदान बहुत बड़ा है। आप ही देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का काम कर रही हैं। मैंने लाल किले से तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने की घोषणा की है। अभी तक एक करोड़ पन्द्रह लाख लखपति दीदी बन चुकी हैं। हरियाणा में नमो ड्रोन दीदी की बहुत चर्चा है। हरियाणा चुनाव के दौरान मैंने कुछ इंटरव्यू पढ़े थे, उनमें महिलाओं ने बताया था कि कैसे उन्हें ड्रोन दीदी बनने का अवसर मिला। इससे उनको तीन लाख रुपए की कमाई हुई। यानी एक सीजन में लाखों की कमाई हो रही है। खेती और बहनों का जीवन दोनों बदल रहा है।

### गरीबी को मिटाने के लिए बीमा सखी अहम भूमिका निभाएगी

पीएम ने कहा कि सोशल सिक्योरिटी के लिए, गरीबी को जड़ से मिटाने के लिए बीमा सखी अहम भूमिका निभाएगी। सरकार प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना चला रही है। बहुत कम प्रीमियम में दो-दो लाख तक का बीमा कराया जाता है। आज जो लोग बीमा कराने की सोच नहीं सकते थे उनका बीमा हो रहा है। इन योजनाओं के तहत अब तक देश में 20 हजार करोड़ रुपए क्लेम किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ऐसी लाखों बैंक सखियां आज बैंकों में अपनी सेवाएं दे रही हैं। बीमा सखी योजना के तहत दो लाख महिलाओं को रोजगार देने का लक्ष्य है। दसवीं पास बहनों बेटियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। तीन साल तक आर्थिक मदद की जाएगी। बीमा से जुड़े सेक्टर का डाटा बताता है, हर महीने बीमा एजेंट पन्द्रह हजार रुपए कमाता है।



बोले-एमएसपी पर फसलें खरीद रहे, हरियाणा ने 'एक हैं तो सेफ हैं' का मंत्र अपनाया

पीएम नरेंद्र मोदी संबोधित करते हुए और कार्यक्रम में पहुंची महिलाएं।

## राजस्थान में भजनलाल और उनकी पूरी टीम ने करके दिखाया है शानदार काम : मोदी





जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी पूरी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा है कि बहुत ही कम समय में यहां भजनलाल और उनकी पूरी टीम ने शानदार काम करके दिखाया है। श्री मोदी ने सोमवार को यहां राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने उद्बोधन में कहा कि कुछ ही दिन में राज्य सरकार अपने एक साल भी पूरे करने जा रही है। श्री भजनलाल शर्मा जिस कुशलता और प्रतिबद्धता के साथ राजस्थान के तेज विकास में जुटे हैं, वो प्रशंसनीय है। गरीब कल्याण हो, किसान कल्याण हो, युवाओं के लिए नए अवसरों का निर्माण हो, सड़क, बिजली, पानी के काम हों, राजस्थान में हर प्रकार के विकास, उससे जुड़े हुए सारे कार्य तेजी से हो रहे हैं। अपराध और भ्रष्टाचार को नियंत्रण करने में जो तत्परता यहां सरकार दिखा रही है, उससे नागरिकों और निवेशकों में नया उत्साह आया है। श्री मोदी ने कहा मेरा हमेशा से विश्वास रहा है- राज्य के विकास से देश का विकास। जब राजस्थान विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचेगा तो देश को भी नई ऊंचाई मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रफल के हिसाब से राजस्थान, भारत का सबसे बड़ा राज्य है और राजस्थान के लोगों का दिल भी उतना ही बड़ा है। यहां के लोगों का परिश्रम, उनकी ईमानदारी, कठिन से कठिन लक्ष्य को पाने की इच्छाशक्ति, राष्ट्र प्रथम को सर्वोपरि रखने की भावना, देश के लिए कुछ भी कर गुजरने की प्रेरणा, ये आपको राजस्थान की रज-रज में, कण-कण में दिखाई देती है। आजादी के बाद की सरकारों की प्राथमिकता, ना देश का विकास था, और ना ही देश की विरासत।

## संक्षिप्त खबरें

### विदेशी ताकतों के साथ मिलकर भारत के खिलाफ काम करने वालों को गंभीरता से लिया जाएगा : किरेन रिजिजू



नईदिल्ली,एजेंसी। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने जॉर्ज सोरोस का जिक्र कर इस बात पर बल दिया कि कोई भी भारतीय अगर विदेशी ताकतों के साथ मिलकर भारत के खिलाफ काम करता हुआ पाया गया, तो उसे गंभीरता से लिया जाएगा। हम इसे पार्टी की दृष्टि से नहीं देखते हैं। हम सदन चलाना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि सदन में बिल पास हो। हम कई मुद्दे सदन में उठाना चाहते हैं। सदन में संविधान पर चर्चा होगी। उसके लिए हम तैयार हैं। हम चाहते हैं कि कांग्रेस सहित अन्य दल इसके लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा, मौजूदा समय में कुछ मुद्दे बेहद गंभीर हो गए हैं, जिनका राजनीतिक दृष्टिकोण से भी विश्लेषण करना आवश्यक है। आप मानते हैं कि जब देश की सुरक्षा और एकता की बात आती है, तो यह पार्टी राजनीति से ऊपर है। अगर कोई भारतीय नागरिक या नेता, चाहे वह किसी भी पार्टी से हो, विदेशों में उन ताकतों के साथ संबंध बनाता है जो भारत के खिलाफ काम कर रही हैं।

## महत्वपूर्ण खबर



### पहाड़ों पर बर्फबारी, एनसीआर में बारिश, बढ़ेगी ठंड, पारे में गिरावट शुरू

नोएडा, एजेंसी। एनसीआर में सीजन की पहली बारिश रविवार देर शाम हुई। अक्टूबर और नवंबर पूरी तरीके से बगैर बारिश के चले गए थे। अब दिसंबर के पहले हफ्ते के बाद रविवार को देर शाम दिल्ली एनसीआर में कई जगहों पर बूंदाबांदी हुई और कई जगहों पर तेज बारिश भी हुई। इसका अनुमान मौसम विभाग ने पहले ही लगा रखा था। अनुमान यह भी है कि आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री के आसपास तक जाएगा। जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का एहसास होना शुरू हो जाएगा।

### पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में देसी बम बनाते समय धमाका, तीन की मौत

मुर्शिदाबाद। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में सोमवार को देसी बम बनाते समय तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। इसके बाद सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस और स्थानीय प्रशासन इस घटना को संज्ञान में लेने के बाद मौजूदा स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे हैं। इस घटना के बाद आसपास के लोग खौफजदा हैं। मृतकों की पहचान मामून मोल्लाह, सकीरुल सरकार, मुस्तकीन शेख के रूप में हुई है।

# योगी सरकार खोल रही गोरखपुर, भदोही में पशु चिकित्सा महाविद्यालय

**ताल तलैया और नदियों के दोआब में ये पशु मस्ती से चरते थे और प्यास लगने पर छककर पानी पीते थे। कुछ दशकों से यह सिलसिला टूट गया। उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद ने अपनी स्थापना के शुरूआती दिनों में एक स्टडी की थी। उसके अनुसार उत्तर प्रदेश, खासकर पूर्वांचल के अधिकांश पशु कुपोषण के शिकार हैं। इससे न केवल संबंधित पशु की सेहत और उत्पादकता प्रभावित हो रही है, बल्कि दुग्ध उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है।**



नई दिल्ली, एजेंसी

लखनऊ,एजेंसी। पशु संपदा के मामले में कभी उत्तर प्रदेश का पूर्वांचल बेहद संपन्न हुआ करता था। ताल तलैया और नदियों के दोआब में ये पशु मस्ती से चरते थे और प्यास लगने पर छककर पानी पीते थे। कुछ दशकों से यह सिलसिला टूट गया। उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद ने अपनी स्थापना के शुरूआती दिनों में एक स्टडी की थी। उसके अनुसार उत्तर प्रदेश, खासकर पूर्वांचल के अधिकांश पशु कुपोषण के शिकार हैं। इससे न केवल संबंधित पशु की सेहत और उत्पादकता प्रभावित हो रही है, बल्कि दुग्ध उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है।

स्टडी में यह भी पता चला था कि पशुओं में बढ़ते बांझपन की एक प्रमुख वजह भी कुपोषण है। पर, अब ऐसा नहीं होगा। गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए योगी सरकार ने जो अभियान चलाया है उससे पशुओं को चरने की पर्याप्त जमीन मिलेगी। साथ ही गोरखपुर के ताल नदौर और भदोही में बनने वाले पशु चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा नस्ल सुधार के जरिये यहां के पशुओं की सेहत भी सुधरेगी और दूध का उत्पादन भी बढ़ेगा। इससे उत्तर प्रदेश, सटे हुए बिहार और नेपाल के पशुपालकों को भी लाभ होगा, पर पूर्वांचल के पशुपालकों को होगा सर्वाधिक लाभ होगा।

फिलहाल दूध के उत्पादन के मामले में उत्तर प्रदेश देश में नंबर वन है। कुल उत्पादन में यूपी का योगदान करीब 16% है। योगी सरकार के इस कदम से यकीनन आने वाले समय में प्रदेश में दूध का उत्पादन और बढ़ेगा। इससे दूध के उत्पादन में यूपी की बादशाहत भविष्य में भी और मुकम्मल तरीके से बरकरार रहेगी। गोरखपुर और भदोही के दोनों महाविद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा से संबद्ध होंगे। गोरखपुर में महाविद्यालय की स्थापना के लिए गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर स्थित ताल नदोर में 80 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। पहले चरण के निर्माण पर 228 करोड़ रुपये की लागत आएगी। फरवरी 2024 के बजट में इसके लिए योगी सरकार 100 करोड़ रुपए आवंटित भी कर चुकी है। बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ताल नदौर का दौरा कर पशु चिकित्सा महाविद्यालय को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए थे। इस महाविद्यालय में हाईटेक सुविधाएं होंगी, जिनमें हॉस्पिटल ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक, स्टाफ क्वार्टर, छात्रावास जैसी मूलभूत सुविधाएं शामिल हैं। योगी सरकार की मंशा भविष्य में इसे विश्वविद्यालय के रूप में अपग्रेड करने की है। मुख्यमंत्री ने अपने पहले कार्यकाल में भदोही में जिस पशु चिकित्सा महाविद्यालय की घोषणा की थी उस पर भी तेजी से अमल हो रहा है। इस बाबत जोरई और वेदपुर गांव में 15 एकड़ जमीन भी चिह्नित कर ली गई थी।


## एमपी शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह का मंगलवार को मुख्य महोत्सव, सीएम योगी करेंगे अध्यक्षता

प्रात : किरण/एजेंसी

गोरखपुर,एजेंसी। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह का मुख्य महोत्सव (समापन कार्यक्रम) मंगलवार को महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के मैदान पर भव्यतापूर्वक होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरक्षपीठाधीश्वर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

मुख्य अतिथि के रूप में नोबल पुरस्कार विजेता, बचपन बचाओ आंदोलन के प्रणेता कैलाश सत्यार्थी उपस्थित होंगे। इस वर्ष परिषद की तरफ से उत्कृष्टता के आधार पर संस्थाओं, शिक्षकों, कर्मचारियों और 800 विद्यार्थियों को ट्रॉफी, पदक और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार सुबह 9.30 बजे से प्रारंभ होगा। 1932 में पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण के ध्येय से ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह का शुभारंभ 4 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ था। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर उपस्थित थे। 10 दिसंबर को इसका समापन सप्ताह भर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं के मेधावियों को पुरस्कृत करने के साथ होगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के हाथों पुरस्कृत होंगी। इस दौरान परिषद की सर्वश्रेष्ठ संस्था, सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी, इंटरमीडिएट, स्नातक व परास्नातक के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को स्वर्ण पदक भी प्रदान किया जाएगा। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक समारोह के समापन अवसर पर श्रेष्ठतम संस्था का महायोगी श्री गोरक्षनाथ स्वर्ण पदक कन्या इंटर कॉलेज रमदत्तपुर को मिलेगा।

## किसानों की समस्या के समाधान के लिए जरूरी कदम उठाएं मोदी: खरगे



प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों को किसान विरोधी करार देते हुए कहा है कि उनकी सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है और जो वादे खुद श्री मोदी ने किये उन्हें भी पूरा नहीं किया गया है।

खरगे ने सोमवार को कहा कि श्री मोदी हरियाणा और राजस्थान के दौरे पर किसानों की समस्याओं पर ध्यान देते हुए उनकी दिक्कतों को समझेंगे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उचित रास्ता निकालेंगे। उनका कहना था कि किसान जिन मांगों के लिए बार-बार दिल्ली दरबार में आकर गुहार लगाना चाहते, हैं उन पर उन्हें न्याय दिया जाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, अन्नदाता किसान को बार-बार क्यों न्याय के लिए दिल्ली की दहलीज पर आना पड़ रहा है, नरेन्द्र मोदी जी। आज जब आप हरियाणा व राजस्थान के दौरे पर होंगे, तो उम्मीद है कि अन्नदाता किसान की जद्दोजहद समझने की कोशिश जरूर करेंगे। किसान न्याय की गुहार इसलिए लगा रहे हैं, क्योंकि बार-बार आपकी सरकार ने उन्हें धोखा दिया है।

## झारखंड की नवगठित विधानसभा का पहला सत्र शुरू, हेमंत सोरेन सहित कई सदस्यों ने ली विधायक के रूप में शपथ

प्रात : किरण/एजेंसी

रांची। झारखंड की नवगठित छठी विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को दिन के 11.15 बजे शुरू हुआ। प्रोटेम स्पीकर प्रो. स्टीफन मरांडी ने कार्यवाही प्रारंभ होने के साथ नई विधानसभा के गठन को लेकर राज्यपाल का संदेश पढ़ा। उन्होंने झारखंड के वीर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सपनों के अनुरूप विकसित झारखंड बनाने में सभी सदस्य सहयोग करेंगे, इसकी कामना करता हूं। प्रोटेम स्पीकर ने विधानसभा के स्थायी अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया से भी सदस्यों को अवगत कराया। इसके बाद नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया शुरू हुई। सबसे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बरहेट विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचित सदस्य के रूप में शपथ दिलाई गई। इसके बाद छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के सदस्य के तौर पर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और चाईबासा सीट से निर्वाचित परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने शपथ ली।

**निर्देश** | अदालत एक ही मुद्दे पर बार-बार याचिकाओं पर विचार नहीं कर सकती।

# आंदोलनकारी किसानों को राजमार्गों से हटाने का केंद्र, राज्यों को निर्देश देने की याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी



नईदिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राजमार्गो को अवरुद्ध करने वाले प्रदर्शनकारियों और किसानों को वहां से तत्काल हटाने की मांग संबंधी जनहित याचिका सोमवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि यह अदालत संबंधित मामले में पहले से ही सुनवाई कर रही है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता गौरव लूथरा की याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस संबंध में एक याचिका पहले से ही इस अदालत के समक्ष लंबित है। अदालत एक ही मुद्दे पर बार-बार याचिकाओं पर विचार नहीं कर सकती। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, 'इस अदालत ने पहले ही कुछ पहल की हैं। इसके बावजूद आप याचिका दायर करते हैं। ऐसा लगता है कि कोई यहां दर्शकों को लुभाने के लिए याचिका दायर कर रहा है और प्रचार के लिए याचिका दायर की गई है।' पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उनकी प्रार्थना यात्रियों की दुर्दशा के संबंध में है। अदालत द्वारा किसानों की शिकायतों के हल के लिए कदम उठाए जाने के बाद भी आंदोलन जारी है। इस पर पीठ ने वकील से कहा, हमें सब कुछ पता है। ऐसा नहीं है कि याचिकाकर्ता ही समाज की अंतरात्मा की आवाज है और बाकी लोग नहीं जानते। बार-बार याचिका दायर न करें। अगर आप लंबित जनहित याचिका में सहायता करना चाहते हैं तो आपका स्वागत है। याचिकाकर्ता श्री लूथरा ने अपनी याचिका में राजमार्गो को अवरुद्ध करने वाले प्रदर्शनकारियों और किसानों को तत्काल हटाने के लिए शीर्ष अदालत से केंद्र, पंजाब और हरियाणा सरकारों को निर्देश जारी करने की गुहार लगाई थी। कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसान कई महीने से लगातार आंदोलन कर रहे हैं।

> न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता गौरव लूथरा की याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस संबंध में एक याचिका पहले से ही इस अदालत के समक्ष लंबित है। अदालत एक ही मुद्दे पर बार-बार याचिकाओं पर विचार नहीं कर सकती। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, 'इस अदालत ने पहले ही कुछ पहल की हैं।

सुरक्षा बलों द्वारा रोके जाने के बाद किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। शीर्ष अदालत ने 2 सितंबर को एक अलग मामले में सुनवाई करते हुए किसानों से बातचीत करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। किसान 13 फरवरी से शंभू बॉर्डर पर विभिन्न मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा किसानों ने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी, भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 को बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की मांगें शामिल हैं। शीर्ष अदालत ने गत 02 दिसंबर को कहा था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर सकता है, लेकिन लोगों को असुविधा न हो। इसके बाद अदालत ने पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल से कहा था कि वे प्रदर्शनकारी किसानों को राजमार्गो को बाधित करने और लोगों को असुविधा न करने के लिए मनाएँ। श्री लूथरा की जनहित याचिका में पंजाब, हरियाणा और केंद्र सरकार को किसानों के विरोध पर प्रतिबंध हटाने और यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई है कि आंदोलनकारी किसानों द्वारा सभी राष्ट्रीय राजमार्गों और रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध न किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### सेना का वाहन हुआ अनियंत्रित, डिवाइडर तोड़ टीले में जाकर अटका, घायल जवानों का रेस्क्यू

**गोपेश्वर ( चमोली), एजेंसी।** बदरीनाथ हाईवे पर बिरही में एक सेना का वाहन अनियंत्रित होकर हाईवे का डिवाइडर तोड़कर एक टीले में जाकर अटक गया। बदरीनाथ हाईवे पर बिरही में एक सेना । वाहन अनियंत्रित होकर हाईवे का डिवाइडर तोड़कर एक टीले में जाकर अटक गया। वाहन ज्योतिर्मठ से देहरादून की ओर जा रहा था। कुछ जवान घायल हुए हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंद किशोर जोशी ने बताया कि घायलों को रेस्क्यू किया गया है।

### नगर निगम चुनाव को लेकर शिविर शुरू, निर्वाचन नामावली में दर्ज करा लें नाम

**रूड़की, एजेंसी।** नगर निगम के चुनाव को देखते हुए निकायों की निर्वाचन नामावलियों को अपडेट करने का काम शुरू कर दिया गया है। रविवार से तीन दिवसीय शिविर लगाया जा रहा है। यह शिविर आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगेंगे। नगर निगम की सहायक नगर आयुक्त एवं नोडल अधिकारी अमरजीत कौर ने बताया कि एक जनवरी 2025 तक जो युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं। उनके नाम निकाय चुनाव की निर्वाचन नामावलियों में सम्मलित किए जाने हैं। इसके लिए वह अपने आधार कार्ड व आयु के अभिलेख की छाया प्रति के साथ अपने वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचकर जमा करा सकते हैं। इसके लिए एक निर्धारित फार्म भी भरना होगा। आठ दिसंबर से 10 दिसंबर तक यह शिविर लगाया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक लगेगा।

### दिल्ली रूट पर फिर दौड़ने लगीं रुड़की डिपो की बसें

**रूड़की, एजेंसी।** दिल्ली रूट पर एक बार फिर बसों का संचालन शुरू हो गया है। प्रवेश पर प्रतिबंध हटने के बाद शुक्रवार को पहले दिन दिल्ली के लिए दो बसों का ही संचालन हो पाया। शनिवार से सभी 18 बसों को दिल्ली रूट पर चलाया जाएगा। गौरतलब है कि प्रदूषण के चलते रुड़की डिपो से दिल्ली के संचालित होने वाली बसों पर प्रतिबंध लग गया था। रुड़की डिपो के एजीएम केके मल्होत्रा ने बताया कि शुक्रवार को दो बसें दिल्ली भेजी गई हैं। अब शनिवार को बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली रूट पर 18 बसों को लगाया जाएगा। उधर, दिल्ली रूट पर बसों का संचालन शुरू होने को लेकर लोगों में खुशी है। सिविल लाइंस निवासी अमित कुमार का कहना है कि दिल्ली जाने में भारी परेशानी हो रही थी। ट्रेन का सफर लंबा है। इसके चलते अपने निजी वाहनों से ही दिल्ली में समान की खरीदारी करने जा रहे थे लेकिन अब बसें चलने से सुविधा होगी।

### बिल ठीक समय पर आ जाता है पानी कभी समय पर नहीं आता

**ऋषिकेश, एजेंसी।** नगर निगम के मायाकुंड क्षेत्र में करीब पांच-छह माह से अनियमित रूप से जलापूर्ति हो रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मोहल्ले में पानी का बिल तो ठीक समय पा आ जाता है। लेकिन पानी कभी समय पर नहीं आता है। जिससे दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चे और विभिन्न कार्यों व ड्यूटी पर जाने वाले लोगों को हो रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार जल संस्थान के अधिकारियों को सूचित किया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### आधी रात एसएसपी ने किया किच्छा कोतवाली का निरीक्षण

**रुद्रपुर, एजेंसी।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बृहस्पतिवार की आधी रात किच्छा कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एसएचओ और दरोगाओं को लम्बित विवेचनाओं का तत्परता से गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोतवाली में मौजूद सभी उपनिरीक्षकों का ओआर लिया। बृहस्पतिवार की रात अचानक कोतवाली में एसएसपी पहुंचे। उन्होंने थाने में मौजूद सभी अभिलेखों को देखा और उनको सुरक्षित व अपडेट रखने के साथ ही थाना परिसर की साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक दरोगा से अभियोगों की जानकारी ली।

# क्वारब का खौफनाक नजारा : फिर दरकी पहाड़ी, भरभराकर गिरे बोल्डर, भूस्खलन ने रोकी वाहनों की रफ्तार

**अल्मोड़ा , एजेंसी।**
भवाली-अल्मोड़ा एनएच में सोमवार की सुबह साढ़े दस बजे क्वारब की पहाड़ी से मलबा गिरने से एनएच बंद हो गया। एनएच बंद होने से वाहनों की आवाजाही भी बंद हो गई। इस दौरान यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग में सोमवार की सुबह साढ़े दस बजे संवेदनशील क्वारब की पहाड़ी से मलबा गिरने से एनएच बंद हो गया। एनएच बंद होने से वाहनों की आवाजाही भी बंद हो गई। इस वजह से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। अल्मोड़ा, बागेश्वर, हल्द्वानी की तरफ जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पहाड़ी में दरारे पड़ने के साथ रुक-रुककर मलबा गिर रहा है। संकरे स्थान पर सड़क फिर टूटने से सड़क संकरी हो चुकी हैं।

इस बीच अल्मोड़ा की तरफ जाने वाले छोटे वाहन लौटकर काकड़ीघाट, बेड़गांव होते हुए चौसली की तरफ 26 किमी का



अतिरिक्त सफर तय करके सफर कर रहे है। क्वारब पुलिस ने अल्मोड़ा जा रहे वाहनों को खैरना की तरफ लौटाया। इधर हल्द्वानी की तरफ से अल्मोड़ा आ रहे वाहनों को खैरना पुलिस नें बाया रानीखेत होते हुए भेजा, इस कारण यात्रियों को 50 किमी अतिरिक्त सफर तय करना पड़ा।

बता दें कि, क्वारब में लगातार हो रहे भू-धंसाव से तीन जिलों की दस लाख से अधिक आबादी प्रभावित हो रही है। यहां लगातार पहाड़ी दरक रही हैं। सड़क संकरी हो चुकी है। पहाड़ी से छोटा सा पत्थर के गिरने से भी लोग सहम जा रहे हैं। सफर के दौरान यात्रियों को अनहोनी का डर सता रहा है। क्वारब पर शुक्रवार को भी रूक-रूक कर मलबा गिरा। इससे कुछ देर वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा।

क्वारब पर पहाड़ी से लगातार गिर रहे बोल्डर और मलबा जहां पहाड़ के तीन जिलों की रफ्तार को रोक रहा है, वहीं इससे आम आदमी भी परेशान है। अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ तीन जिलों को आने जाने वाले वाहन अल्मोड़ा-हल्द्वानी एनएच से ही आवाजाही करते हैं। क्वारब पर लगातार हो रहा भू धंसाव से तीन जिलों की 10 लाख से अधिक की आबादी प्रभावित हो रही है। दरअसल मार्ग में मलबा गिरने से यातायात अवरुद्ध रहता है। हल्द्वानी से बागेश्वर पहुंचने में आम तौर पर बस से छह घंटे लगते हैं लेकिन क्वारब पर मलबा गिरने से आठ घंटे लग जा रहे हैं। मार्ग बंद होने पर बसों के रानीखेत रूट से जाने पर और अधिक समय लग रहा है। इससे तीनों जिलों के यात्री परेशान हैं।

क्वारब पर दरकती पहाड़ी और तेज आंधी तूफान में पहाड़ी से गिरते बोल्डरों की आवाज से क्वारब के लोग सहम जाते हैं। हल्की सी सरसराहट में लोगों का कलेजा कांप जाता है कि कहीं कोई अनहोनी ना हो जाए। खास कर रात में स्थानीय लोग चैन की नींद नहीं ले पा रहे हैं।

क्वारब पर अल्मोड़ा से हल्द्वानी और हल्द्वानी से अल्मोड़ा की तरफ आने जाने वाले वाहन रुकते हैं। स्थानीय व्यापारियों के मुताबिक पूर्व में रोजाना करीब 70 से 80 वाहन क्वारब पर रुकते थे। यात्री और पर्यटक स्थानीय दुकानों में चाय, नाश्ता और दोपहर का भोजन करते थे। दरकती पहाड़ी के चलते अब क्वारब पर एक भी वाहन नहीं रुक रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर व्यापार बुरी तरह चौपट हो रहा है।

## सल्ट के पास बड़ा हादसा टला, चालक की सूझबूझ से 25 यात्रियों की जान बची

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
अल्मोड़ा जिले के सल्ट के समीप एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब रानीखेत रोडवेज डिपो की बस का स्टेयरिंग जाम हो गया। बस ड्राइवर ने अपनी सतर्कता और सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को दीवार की ओर मोड़कर उसे रोक दिया।

सल्ट के समीप दानापानी के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब रानीखेत रोडवेज डिपो की बस का स्टेयरिंग जाम हो गया। घटना सुबह लगभग 11ः42 बजे की बताई जा रही है। बस ड्राइवर ने अपनी सतर्कता और सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को दीवार की ओर मोड़कर उसे रोक दिया। इस साहसिक कदम से बस में सवार सभी 25 यात्री सुरक्षित बच गए। यह बस रानीखेत से देहरादून की ओर जा रही थी। दुर्घटना के समय बस अपने गंतव्य की ओर बढ़ रही थी, लेकिन स्टेयरिंग की तकनीकी खराबी के कारण यह घटना घटित हुई। चालक की सूझबूझ के कारण एक बड़ी जनहानि टल गई।इस घटना ने रोडवेज वाहनों के नियमित रखरखाव और तकनीकी जांच की आवश्यकता पर फिर से ध्यान आकर्षित किया है।

## सरकार की बुद्धि-शुद्धि के लिए किया हवन

**चौखुटिया (अल्मोड़ा), एजेंसी।** 30 सूत्री मागों को लेकर गेवाड़ विकास समिति के पदाधिकारियों में काफी आक्रोश है। शनिवार को समिति के सदस्यों ने सरकार की बुद्धि-शुद्धि के लिए कुलदेवी अगनेरी माता मंदिर में हवन किया। इस दौरान सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया।

गेवाड़ विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि विभिन्न मांगों को लेकर लगातार आंदोलन चल रहा रहा लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई भी कार्यवाही नही हो पाई। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय खोलने की घोषणा के बाद भी सरकार ने सौतेला रवैया अपनाया है। सरकार को समझ नहीं आ रहा है कि किस तरह की नीति से काम किया जाए। ऐसे में भाजपा सरकार को बुद्धि शुद्धि की जरूरत है। वहां हीरा सिंह बिष्ट, किरन बिष्ट, अशोक कुमार, दिगंबर नेगी, गीता, अमर सिंह, हीरा सिंह बिष्ट, नंदन सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

## नशे के लिए मांगे पैसे, नहीं दिए तो बेटे ने कर दी मां की हत्या, पुलिस ने गिरफ्तार किया आरोपित

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** नशा समाज के लिए अभिशाप बनते जा रहा है, नशे की लत ने एक बेटे को ही हैवान बना डाला। दन्यां के नैनोली गांव में नशे के लिए पैसे नहीं देने पर बेटे ने अपनी बुजुर्ग मां की हत्या कर दी। पुलिस ने अब हत्या के आरोपित बेटे को पकड़ लिया है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

सात दिसंबर की शाम थाना दन्यां क्षेत्र के ग्राम नैनौली निवासी गोकुल भट्ट ने अपनी 62 वर्षीय माता गोपुली देवी की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपित फरार हो गया। जबकि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घर को सील कर दिया। इधर, मृतक के पति लीलाधर भट्ट निवासी नैनोली ने पुलिस में तहरीर सौंप आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

सीओ विमल प्रसाद ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर टीम गठित कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी गई। उन्होंने बताया कि दबिश देकर रविवार को सुबह हत्या के आरोपित गोकुल भट्ट 35 वर्ष निवासी नैनोली को दन्यां अल्मोड़ा रोड जागनाथ होटल से 50 मीटर पहले से गिरफ्तार कर लिया गया।




बताया कि आरोपित नशे का आदी है, नशे के लिए पैसे मांगने पर नहीं मिले तो मारपीट कर मां की हत्या कर दी। वहीं शव का पोस्टमार्टम कर स्वजन को सौंप दिया है। यहां पुलिस टीम में थानाध्यक्ष धौलछीना विजय नेगी, अपर उप निरीक्षक पुष्कर खाती, हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह पांगती, प्रेम सिंह, धनी राम आदि शामिल रहे।

मृतक के पति लीलाधर ने बताया कि उनका पुत्र आए दिन उनके और उनकी पत्नी के साथ मारपीट करता था। शुक्रवार को भी उनके पुत्र ने मारपीट कर उन्हें घर से भगा दिया। बताया कि आए दिन मारपीट के चलते उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही थी। अब नशे के आदि पुत्र ने उनकी पत्नी की हत्या कर दी है।

## क्वारब का डरावना रूप : खतरों के बीच सफर हुआ जोखिमभरा, कुमाऊं के तीन जिलों की आबादी परेशान

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
जिले के क्वारब पर दरकती पहाड़ी से अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ जिले की दस लाख से अधिक की आबादी परेशान है। पहाड़ी से गिर रहे मलबे और बोल्डर को देखकर यात्रियों में डर है।

क्वारब में लगातार हो रहे भू-धंसाव से तीन जिलों की दस लाख से अधिक आबादी प्रभावित हो रही है। यहां लगातार पहाड़ी दरक रही हैं। सड़क संकरी हो चुकी है। पहाड़ी से छोटा सा पत्थर के गिरने से भी लोग सहम जा रहे हैं। सफर के दौरान यात्रियों को अनहोनी का डर सता रहा है। क्वारब पर शुक्रवार को भी रूक-रूक कर मलबा गिरा। इससे कुछ देर वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा।

क्वारब पर पहाड़ी से लगातार गिर रहे बोल्डर और मलबा जहां पहाड़ के तीन जिलों की रफ्तार को रोक रहा है, वहीं इससे आम आदमी भी परेशान है। अल्मोड़ा,



बागेश्वर, पिथौरागढ़ तीन जिलों को आने जाने वाले वाहन अल्मोड़ा-हल्द्वानी एनएच से ही आवाजाही करते हैं। क्वारब पर लगातार हो रहा भू धंसाव से तीन जिलों की 10 लाख से अधिक की आबादी प्रभावित हो रही है। दरअसल मार्ग में मलबा गिरने से यातायात अवरुद्ध रहता है। इस कारण वाहनों को काफी देर तक क्वारब पर रोका जाता है। जिस कारण काफी समय बर्बाद होता है।

हल्द्वानी से बागेश्वर पहुंचने में आम तौर पर बस से छह घंटे लगते हैं लेकिन क्वारब पर मलबा गिरने से आठ घंटे लग जा रहे हैं। मार्ग बंद होने पर बसों के रानीखेत रूट से जाने पर और अधिक समय लग रहा है। इससे तीनों जिलों के यात्री परेशान हैं। पिथौरागढ़ जा रहे सुनील मर्तोलिया ने बताया कि क्वारब की समस्या से आम आदमी परेशान है। जाम लगने के कारण काफी समय बर्बाद हो गया है। अब हल्द्वानी पहुंचने [illegible] जाएगी। ऐसी ही दिक्कतें अन्य यात्रियों को भी झेलनी पड़ रही है।

क्वारब पर दरकती पहाड़ी और तेज आंधी तूफान में पहाड़ी से गिरते बोल्डरों की आवाज से क्वारब के लोग सहम जाते हैं। हल्की सी सरसराहट में लोगों का कलेजा कांप जाता है कि कहीं कोई अनहोनी ना हो जाए। खास कर रात में स्थानीय लोग चैन की नींद नहीं ले पा रहे हैं।

क्वारब के लोगों ने बताया कि दिन तो किसी तरह गुजर जाता है लेकिन रात दहशत के साए में बीत रही है। रात्रि में कई बार नींद खुलती है तो पहाड़ी से बोल्डर गिरने की आवाज सुनाई देती है। इससे पूरा परिवार सहम जाता है। लोगों ने बताया कि क्वारब पर रहते हुए उन्हें काफी लंबा समय हो गया लेकिन ऐसा पहली बार देख रहे हैं। एक बुजुर्ग मनोज सिंह ने बताया कि सड़क को बेहतर बनाने के लिए बड़ी मशीनों से पहाड़ी को काटा गया है। उसी का नतीजा है कि अब ये समस्या देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि सड़क का चौड़ीकरण से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन दरकती पहाड़ी का भी स्थायी समाधान किया जाना चाहिए।

क्वारब पर अल्मोड़ा से हल्द्वानी और हल्द्वानी से अल्मोड़ा की तरफ आने जाने वाले वाहन रुकते हैं। स्थानीय व्यापारियों के मुताबिक पूर्व में रोजाना करीब 70 से 80 वाहन क्वारब पर रुकते थे। यात्री और पर्यटक स्थानीय दुकानों में चाय, नाश्ता और दोपहर का भोजन करते थे। दरकती पहाड़ी के चलते अब क्वारब पर एक भी वाहन नहीं रुक रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर व्यापार बुरी तरह चौपट हो रहा है। व्यापारियों ने बताया कि पहले एक दिन में दो से ढाई हजार का मुनाफा हो जाता था लेकिन अब हजार रुपये भी नहीं हो रहा है।

## बीकॉम के छात्र दिव्यांशु ने किया था सुसाइड ! पुलिस ने दोस्त के खिलाफ क्यों दर्ज किया केस

**हल्द्वानी, एजेंसी।** बीकॉम ऑनर्स के छात्र दिव्यांशु की मौत के मामले में पुलिस ने छात्र के दोस्त पर आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच में प्रथमदृष्या छात्र की मौत की वजह आत्महत्या ही सामने आई है। हालांकि, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

हल्दूचौड़ के दौलिया गांव निवासी 20 वर्षीय दिव्यांशु पांडे पुत्र गोपाल दत्त पांडे बीकॉम ऑनर्स तृतीय सेमेस्टर का छात्र था। वह घर का इकलौता बेटा था। शनिवार को वह घर से कॉलेज जाने की बात कहकर गया था, लेकिन कॉलेज नहीं पहुंचा। दोपहर ढाई बजे उसने अपनी मां को वीडियो कॉल किया और बताया कि उसे घबराहट हो रही है। शायद वह अब बचकर नहीं आ पाएगा। इतना कहने के बाद उसने फोन काट दिया। दोपहर सवा तीन बजे दिव्यांशु के दोस्त सुमित यादव ने उसकी मां को फोन कर दिव्यांशु के फांसी लगाकर खुदकुशी करने की जानकारी दी।

इधर, सूचना मिलते ही स्वजन उनकी तलाश के लिए जंगल में पहुंच गए थे। पुलिस पहुंची और शाम पौने छह बजे शव को जंगल में पेड़ के नीचे से बरामद कर लिया था। दिव्यांशु के पिता गोपाल दत्त पांडे, चाचा दयाल पांडे व मामा मथुरा दत्त नैनवाल का कहना है कि उनके बेटे की सुमित ने हत्या की है। हत्या को आत्महत्या दिखाने के लिए शव को फंदे से लटका दिया गया था। रविवार की देर शाम पुलिस ने इस मामले में पिता गोपाल दत्त पांडे की तहरीर पर दोस्त सुमित यादव पर आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज कर लिया। गोपाल पांडे का आरोप है कि सुमित ने फोन कर परिवार को बताया था कि उनके बेटे की मौत हो गई है। उसे फंसाया तो पूरे परिवार को जान से मार दूंगा। सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि प्रथमदृष्या मौत की वजह आत्महत्या सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आते ही मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

पुलिस जांच में सामने आया है कि दिव्यांशु व सुमित के बीच लंबे समय से दोस्ती थी। सुमित ने दिव्यांशु को कपड़े गिफ्ट किए थे।

## चार दिन से लापता राकेश का शव जंगल में मिला, पुलिस ने हाथियों के हमले से मौत की जताई आशंका

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** छह दिसंबर से लापता चल रहे युवक का शव सोमवार सुबह नगला बाईपास के पास जंगल में मिला। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रथम दृष्टया हाथी के हमले से युवक की मौत होना प्रकाश में आया है।

पूर्वी घोड़ानाला बिंदुखत्ता लालकुआं निवासी राकेश उर्फ हरपाल ( 32 ) बीती छह दिसंबर की सुबह 10 बजे घर से निकला था, जिसके बाद से वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने लालकुआं कोतवाली में राकेश की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सोमवार की सुबह कुछ लोग घास लेने नगला बाईपास के नजदीक जंगल में गए थे। जहां उन्होंने एक युवक को मृत



अवस्था में देखकर पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया। जिसमें उसकी पहचान पूर्वी घोड़ानाला बिंदुखत्ता निवासी राकेश के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया युवक की मृत्यु हाथियों के हमले में हुई प्रतीत हो रही है।

# बहुभाषी समाज से भारतीय एकता होगी सुदृढ़

वैश्वीकरण और प्रतियोगी दौर में विश्व के हर नागरिक को बहुभाषी होना जरूरी है। बहुभाषायी समाज केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि एक ऐसा ढांचा है जो मानवता को विविधता, समरसता और प्रगति के रास्ते पर ले जाता है। इसे बनाए रखना और बढ़ावा देना हमारी जिम्मेदारी है। समय-समय पर बहुत से देशों ने विविधता के कारण भाषा उत्सव मनाए हैं। एक भाषा उत्सव दुनिया भर के विभिन्न देशों के संगठनों द्वारा आयोजित एक सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भाषाओं और संस्कृतियों में रुचि रखने वाले लोगों को दुनिया की भाषाओं के बारे में पढ़ाना और जानकारी प्रदान करना और भाषा की समृद्धि और विविधता को दिखाना है। भाषा उत्सवों का उद्देश्य यह भी है कि दुनिया की सभी भाषाएं समान रूप से महत्वपूर्ण और मूल्यवान हैं, और कोई छोटी और बड़ी भाषाएं नहीं होनी चाहिए। सबका अपनी जगह औचित्य है। एक भारत श्रेष्ठ भारत, आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत भारतीय भाषा उत्सव की शुरूआत की गई। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भाषा सीखने को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष ह्यभाषा के माध्यम से एकताह्न थीम के साथ 4 दिसंबर से 11 दिसंबर, 2024 तक भारतीय भाषा उत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान, भारतीय भाषा उत्सव के भव्य समापन के लिए गति तैयार करने के लिए गतिविधियों को सभी स्तरों पर आयोजित किया जाना है, यानी स्कूल, बीआरसी/सीआरसी/पंचायत, जिले (डीआईईटी सहित) राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर। 11 दिसंबर को महान राष्ट्रवादी तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती की जन्म जयंती है, जो तमिलनाडु में स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक ह्यमहाकवि भारतीह्न के नाम से लोकप्रिय थे। भारतवर्ष में अनेकों पंथ और अनेकों भाषा के लोग निवास करते हैं। भारत में विविधता में एकता है। हिंदी, मराठी, गुजराती, पंजाबी, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, गुजराती इत्यादि भाषाएं भारत में बोली जाती हैं। भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए तथा उनका विकास करने के लिए सार्थक वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से भारतीय भाषा महोत्सव मनाया जा रहा है। भारतीय भाषा महोत्सव को मनाने का सुझाव विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिया गया। भारतीय भाषाओं को सद्भावनापूर्वक बढ़ावा देना इसका मुख्य उद्देश्य है। शिक्षण संस्थानों को 11 दिसंबर को भारतीय भाषा दिवस मनाने का सुझाव तथा इससे संबंधित निर्देश दिए गए हैं। भारतीय भाषा दिवस महान तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर मनाया जाता है। सुब्रमण्यम भारती बहुभाषायी थे। उन्हें कई भाषाओं का ज्ञान था। भारत के एक महान कवि तथा स्वतंत्र सेनानी थे। सुब्रमण्यम भारती को तमिल भाषा का अग्रदूत कहा जाता है। हालांकि संविधान की आठवीं अनुसूची में भारत की 22 भाषाएं शामिल हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 (1) के अनुसार हिंदी हमारे देश की राजभाषा है। इस अनुच्छेद में यह व्यवस्था है कि संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी। इस तरह यह द्वंद्व हमेशा रहता था कि भारत में बड़ी मात्रा में हिंदी बोली जाती है, बल्कि दक्षिण भारत लोग इससे परहेज रखते थे। इसी दूरी को पाटने का काम तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती जी ने किया और यह संदेश दिया कि इनसानियत और आत्मीय गठजोड़ को और प्रगाढ़ करने के लिए बहुभाषीय होना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थान में भाषा सद्भावना को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों को विविध भाषा के महत्व तथा उनके बीच में जागरूकता निर्माण करना है। बहुभाषीय होने से एक अच्छी साहित्यिक समझ भी उत्पन्न हुई है। साहित्यिक बहुभाषावाद एक अच्छा माध्यम है जिससे विभिन्न ऐतिहासिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक तथा सामाजिक संदर्भों में विभिन्न भाषाओं या भाषा विविधताओं द्वारा उत्पन्न मूल्य निर्णयों को देखा जा सकता है। बहुभाषिक समाज में जिस तरह अन्य क्षेत्रों में संवाद अनुवाद के माध्यम से होता है, उसी तरह साहित्य के क्षेत्र में भी विभिन्न भाषाएं अनुवाद के माध्यम से एक-दूसरे के निकट आती हैं। पंजाबी, बांग्ला, कन्नड़, उडिा, तमिल, तेलुगु, मराठी आदि कवियों और लेखकों की रचनाएं हम अक्सर अपनी भाषा में पढ़ते हैं, उनका आस्वाद अपनी भाषा के माध्यम से लेते हैं। विशाल विविधता वाला हमारा देश हमेशा भाषा के रंग में एकता के सूत्र में पिरोने का काम भी करता है।

# संभावित मौसम समस्याओं की चेतावनी और सरकार से कार्यवाही की अपेक्षा

अरुण श्रीवास्तव



सरकार को मौसम में आ रहे बदलाव को नोटिस में लेते हुए तुरंत निर्णय लेने की अपेक्षा है। केंद्र की मोदी सरकार को गेहूं पर 40 प्रतिशत आयात शुल्क खत्म करने में समय नहीं गंवाना चाहिए। सर्दी में सब्जियों के नए उत्पादों से उसकी महंगाई पर अपने आप नियंत्रण हो जाएगा। लेकिन असली समस्या लोगों के सामने अनाज, खाद्य तेलों और दालों के बढ़ते दामों को लेकर है। मौसम के वर्तमान हालातों को देखते हुए इनके दामों में कमी की उम्मीद नहीं की जा सकती। सरकार को टैरिफ नीति के माध्यम से कार्रवाई करनी चाहिए। रबी (सर्दी-बसंत) की फसलें, खासतौर पर गेहूं, हाल के समय में मार्च में पारे के उछाल के प्रति संवेदनशील रहती हैं। विशेष रुप से जब वे अंतिम फसल तैयारी और भराई के चरण में होती हैं। पिछले दो वर्षों में देखा गया है कि जब इन फसलों के बीज बोने के समय अक्टूबर और नवंबर में तापमान औसत से काफी ऊपर रहा है, । भारत मौसम विज्ञान विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार इस अक्टूबर में देशभर में औसत न्यूनतम और औसत तापमान अब तक का सबसे उच्चतम रहा है। । नवंबर को भी, अधिकतम और औसत तापमान क्रमशः दूसरे और तीसरे उच्चतम स्तर पर दर्ज किए गए। इसका समग्र रबी बुवाई पर प्रभाव पड़ा है। बता दें कि रबी की बुवाई मध्य नवंबर तक पीछे रही। हालांकि इसके बाद सर्दी के अंत में सुधार हुआ है। लेकिन इसके कारण सरसों या आलू की मदद हो जाएगी संभव नहीं दिखता। सरसों और आलू की बुवाई की नवंबर के पहले पखवाड़े में समाप्त हो जाती है। रबी फसलों के उत्पादन पर चिंता करना लाजिमी है। जिन्हें उचित अंकुरण और वानस्पतिक विकास के लिए अपेक्षाकृत कम तापमान की आवश्यकता होती है। जबकि देरी से बुवाई के कारण गेहूं और अधिकांश अन्य फसलों (पहले उल्लिखित आलू व सरसों को छोड़कर) में पैदावार प्रभावित नहीं होनी चाहिए। एक विस्तारित सर्दियों पर सशर्त और समय से पहले पकने के कारण ह्लमार्च के आइडसह्न हीटवेव नहीं होनी चाहिए। यहां आशा –ला नीना– से है, जिसके अधिकांश वैश्विक मौसम मॉडल जनवरी-मार्च तक जारी रहने के लिए इस महीने के अंत तक विकसित होने का अनुमान विशेषज्ञ लगा रहे हैं। ला नीना की घटनाएं आमतौर पर भारत में प्रचुर मात्रा में बारिश और सामान्य से अधिक ठंडी सर्दियां लाती हैं। केंद्रीय मौसम विभाग ने आगामी सर्दियों के मौसम (दिसंबर-फरवरी) के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक न्यूनतम और अधिकतम तापमान की चेतावनी दी है। यह एक अनिश्चित तस्वीर को को सामने लाता है। यह कुछ महीने पहले के विपरीत है, जबकि खरीफ की अच्छी फसल के बाद एक बम्पर रबी की संभावना जताई जा रही थी झ्र अधिशेष मानसून बारिश के लिए धन्यवाद, जिसने प्रमुख बांध जलाशयों को भरने और भूजल एक्वीफर्स को रिचार्ज करने में मदद की। पहले से ही उच्च खुदरा खाद्य मुद्रास्फीति (अक्टूबर में सालाना आधार पर 10.9 प्रतिशत) के साथ मौसम की अनिश्चितता शायद भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति द्वारा शुक्रवार की बैठक में ब्याज दरों में कटौती नहीं करने का निर्णय लेने का एक प्रमुख कारण है। हालांकि, खाद्य कीमतों के बारे में केंद्रीय बैंक बहुत कम कर सकता है। इस मामले में आपूर्ति प्रबंधन की जिम्मेदारी सरकार पर है। सरकार को गेहूं पर 40 फीसदी आयात शुल्क खत्म करने और कच्चे पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क को मौजूदा 20 फीसदी से घटाकर 10 करने में वक्त गंवाना नहीं चाहिए। सर्दियों के मौसम की सामान्य आवक के साथ सब्जियों की मुद्रास्फीति कम हो सकती है, लेकिन अनाज, खाद्य तेलों और दालों में इस तरह की आत्म-सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती है। सरकार टैरिफ नीति के माध्यम से कार्य कर सकती है और उसे करना चाहिए।

# बीमा सखी योजना: ग्रामीण महिलाओं को बनायेगी सशक्त

**देश भर में 35, 000 महिलाओं को शामिल करने की प्रारंभिक योजना। हरियाणा का पानीपत, महिला सशक्तिकरण पर अपने ऐतिहासिक जोर के कारण इस योजना का लॉन्चपैड है। आधिकारिक या नामित सरकारी पोर्टल पर जाएँ। व्यक्तिगत विवरण और वैध संपर्क जानकारी का उपयोग करके एक खाता बनाएँ। सटीक विवरण के साथ आवेदन पत्र भरें। आईडी प्रूफ, शैक्षिक प्रमाण पत्र और बैंक विवरण जैसे आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें। आवेदनों की समीक्षा की जाती है। स्वीकृत होने के बाद, उम्मीदवारों को एक व्यक्तिगत डैशबोर्ड तक पहुँच प्राप्त होती है। बीमा सखी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और नमो दीदी कार्यक्रमों की सफलता के बाद, महिला-केंद्रित योजनाओं को शुरू करने के पीएम मोदी के ट्रैक रिकॉर्ड को जारी रखती है।**






प्रियंका सौरभ
लेखक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 दिसम्बर को पानीपत का दौरा करेंगे और बीमा सखी योजना शुरू करेंगे, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना से लाखों महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जल्द ही इसकी विस्तृत जानकारी देंगे। 9 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के पानीपत में ह्यबीमा सखी योजनाह्न की शुरूआत करेंगे, जिसका उद्देश्य बीमा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करके महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत, महिलाएँ जीवन बीमा निगम की एजेंट बनेंगी, जिससे वे बीमा बेच सकेंगी और आय अर्जित कर सकेंगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। बीमा सखी योजना महिलाओं की वित्तीय सुरक्षा पर केंद्रित है, जो महिलाओं के लिए बीमा कवरेज को बढ़ावा देती है। यह योजना महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाना है। यह योजना वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। महिलाओं को बीमा उत्पादों तक पहुँच प्राप्त होगी, जो कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी। इस सहायता का उद्देश्य महिलाओं के आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है। इस लॉन्च से महिलाओं के सशक्त होने की उम्मीद है। यह लैंगिक समानता के बारे में एक मजबूत संदेश भेजेगा। यह पहल महिलाओं के अधिकारों के लिए राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है। इसका उद्देश्य महिलाओं को अपने भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करना है। ह्यबीमा सखी योजनाह्न पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने में एक मील का पत्थर साबित होगी। योजना के तहत चुनी गई महिलाएँ एलआईसी एजेंट के रूप में काम करेंगी और अपने समुदायों में बीमा सेवाएँ प्रदान करेंगी। इससे न केवल महिलाओं के लिए रोजगार पैदा होगा बल्कि वित्तीय साक्षरता और सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा से गहरा नाता है, अक्सर वे इसे महत्त्वपूर्ण पहलों के लिए लॉन्चिंग ग्राउंड के रूप में चुनते हैं। 2015 में पानीपत से ह्यबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओह्न आंदोलन की शुरूआत सहित मोदी के अभियानों के साथ राज्य का इतिहास महिलाओं के कल्याण के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए एक मिसाल कायम करता है। महिलाओं के अधिकारों पर ध्यान देने के लिए जाना जाने वाला हरियाणा एक बार फिर सामाजिक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने की राज्य की विरासत को और मजबूत करेगी। ह्यबीमा सखी योजनाह्न राज्य की सफल महिला-केंद्रित नीतियों के पोर्टफोलियो में शामिल होगी और समावेशी विकास पर बढ़ते फोकस को दर्शाएगी। ाारी शक्ति पर सरकार के जोर को लोकसभा में पारित नारी शक्ति वंदन विधेयक जैसे प्रयासों के माध्यम से मजबूत किया गया, जिसमें महिलाओं को 33% आरक्षण दिया गया। बीमा सखी योजना ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक प्रगतिशील पहल है। इसका उद्देश्य बीमा क्षेत्र में महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। यह योजना लैंगिक समानता और महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप है। यह वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और महिलाओं के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। यह पहल वित्तीय सेवाओं में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करते हुए स्थायी आजीविका बनाने का प्रयास करती है। इस योजना से महिलाओं को वित्तीय मुख्यधारा में एकीकृत करके ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। लैंगिक समानताः यह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और अब बीमा सखी जैसी पहलों के माध्यम से लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। एक स्थिर आय और करियर पथ प्रदान करके, कार्यक्रम कमजोर समुदायों की महिलाओं का उत्थान करना चाहता है। पात्र महिलाओं को योजना के बारे में सूचित करने के लिए प्रभावी संचार रणनीतियाँ आवश्यक हैं। योजना की सफलता के लिए वेतन और कमीशन का समय पर वितरण सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है। बीमा क्षेत्र में अपनी भूमिका को बनाए रखने और विस्तारित करने के लिए महिला एजेंटों के लिए एक मजबूत सहायता प्रणाली का निर्माण करना। आवेदक भारतीय नागरिक होने चाहिए। न्यूनतम योग्यता 10वीं या 12वीं कक्षा की होनी चाहिए। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता विवरण, मोबाइल नंबर, शैक्षिक प्रमाण पत्र शामिल हैं और महिलाओं को ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों की निवासी होना चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को बीमा सखी के रूप में तैयार करने के लिए जीवन बीमा निगम द्वारा प्रदान किए गए विशेष प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है। प्रशिक्षण के सफल समापन पर प्रमाणन प्रदान किया जाता है। एक निश्चित मासिक वेतनः पहले वर्ष में 7, 000, दूसरे में 6, 000 और तीसरे वर्ष में 5, 000 और बेची गई बीमा पॉलिसियों पर कमीशन के माध्यम से अतिरिक्त आय मिलेगी। आयोगों और नीति-सम्बंधी अपडेट की निगरानी के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म। कौशल और ज्ञान को उन्नत करने के लिए नियमित कार्यशालाएँ।

# दिल्ली चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?

**आप का वोट शेयर पहले की तुलना में बढ़ा है और कांग्रेस कमजोर हुई है। हालांकि, 2013 में अपने पहले चुनाव के बाद से आप का वोट शेयर लगातार बढ़ता रहा। जबकि पिछले दशक में कांग्रेस को वोट देने वालों की संख्या में काफी कमी आई है। आप ने 2013 में अपने आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ, कुल मतदान का 29 प्रतिशत वोट प्राप्त किया था। पार्टी को 70 में से 28 सीटों पर जीत मिली थी। आप ने कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाई थी। इससे कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 24.5 प्रतिशत और सिर्फ आठ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई थी। इसके बाद 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट शेयर क्रमशः 9.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत तक गिर गया।**








ललित गर्ग
लेखक

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है। दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है। भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है। भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दुःख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है। निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मालेर्ना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न-मध्यम वर्ग और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है।

# रेवड़ी संस्कृति पर चिंतन का समय, विकास कार्यों पर लग रहा ब्रेक

डॉ. जगदीप सिंह

महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति और झारखंड में जेएमएम के नेतृत्व वाली गठबंधन की सरकारें अस्तित्व में आ गई हैं। अब बारी विधानसभा चुनाव के दौरान अपने-अपने राज्यों के मतदाताओं से किए गए मुफ्त के वादों को लागू करने की है। लाडकी बहिन योजना, मंइयां सम्मान योजना, किसानों की कर्ज माफी, मुफ्त बिजली, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और मुफ्त गैस सिलेंडर जैसे चुनावी वादे महाराष्ट्र और झारखंड में इन दिनों गूंज रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इनके लागू होने से दोनों राज्यों की आर्थिकी बिगड़ सकती है। देश में मुफ्त की घोषणाओं या रेवड़ियों की परिभाषा भले ही तय न की जा सकी हो, लेकिन ऐसे कदमों से राज्यों की माली हालत पर असर पड़ता ही है। मध्य प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में यह देखा जा चुका है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन की ओर से 21 से 65 वर्ष की आयु की सभी महिलाओं को 1, 500 रुपये मासिक भत्ता देने का एलान किया गया है। महाराष्ट्र में इसे मध्य प्रदेश की लाड़ली बहना योजना की तर्ज पर शुरू किया गया था। इस स्कीम ने मध्य प्रदेश में भाजपा को चुनावी फायदा तो दिया, लेकिन ऐसे चुनावी वादों का नतीजा यह हुआ कि पिछले वित्त वर्ष में राज्य सरकार को जमकर उधार लेना पड़ा। परिणामस्वरूप मध्य प्रदेश का कुल कर्ज चार लाख 18 हजार करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस साल भी उसे 94, 000 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज लेना पड़ सकता है। महाराष्ट्र का हाल यह है कि चालू वित्त वर्ष के लिए महिला एवं बाल कल्याण विभाग की योजनाओं में जहां 4, 677 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था, वहीं केवल लाडकी बहिन योजना पर सालाना 46, 000 करोड़ रुपये खर्च होने हैं, वह भी 1500 रुपये महीने के आधार पर। चालू वित्त वर्ष में उसका राजकोषीय घाटा उसकी जीएसडीपी का 2.6 प्रतिशत यानी दो लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष में लगभग 46, 000 करोड़ रुपये तमाम सब्सिडी के तहत आवंटित हुए थे। इस साल के बजट में शिंदे सरकार ने लोकलुभावन योजनाओं के लिए करीब 96, 000 करोड़ रुपये का आवंटन किया था। निश्चित रूप से अब नए चुनावी वादों का बोझ महाराष्ट्र के बजट पर पड़ेगा। इससे उसके पूंजीगत खर्च पर आंच आ सकती है, जो पिछले साल से पहले ही कम हो चुका है। झारखंड की बात करें तो वहां चालू वित्त वर्ष के लिए 1.28 लाख करोड़ रुपये का जो बजट पारित किया गया था, उसमें पहले ही कृषि कर्ज माफी की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपये की जा चुकी है। इस वित्त वर्ष में उसका राजकोषीय घाटा राज्य की जीएसडीपी के 2.02 प्रतिशत रहने का अनुमान है। खनन से होने वाली आमदनी के सहारे झारखंड वित्त वर्ष 2016-17 से राजस्व अधिशेष की स्थिति में है, लेकिन मंइयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2, 100 रुपये से लेकर 2, 500 रुपये महीने तक देने के वादे को पूरा करने की स्थिति में झारखंड का राजस्व अधिशेष का दर्जा खतरे में पड़ सकता है। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में भी अगर इसी प्रकार से राजनीतिक दलों द्वारा रेवड़ियां बढ़ती रहीं, तो इन राज्यों में भी आर्थिक संकट उत्पन्न हो सकते हैं। लोकलुभावन खर्च, सब्सिडी, मुफ्त की सुविधाएं तथा लगातार बढ़ते वेतन और पेंशन बिलों के कारण राज्यों को विकास के कार्यों के लिए कोई धन नहीं बच रहा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों के लिए घोषणा पत्र जारी करने के लिए एक निश्चित गाइडलाइन तय की है, लेकिन इसका उन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। दरअसल देश में ऐसा कोई कानून नहीं है जिससे घोषणा पत्रों में की जाने वाली घोषणाओं को नियंत्रित किया जा सके। हालांकि अभी सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ राजनीतिक दलों द्वारा वितरित मुफ्त उपहारों पर प्रतिबंध लगाने के लिए दायर याचिकाओं की सुनवाई कर रहा है। न्यायालय को जल्द ही इस मामले की सुनवाई पूरी कर इस बढ़ती बीमारी का इलाज करना चाहिए। अब इस रेवड़ी संस्कृति पर गंभीरता से चिंतन करने का वक्त आ गया है। इस प्रकार से राजनीकि दल सरकार के खर्चे पर मतदाताओं को मुफ्त उपहार दे रहे हैं। यानी लोगों को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए एक प्रकार से रिश्वत दे रहे हैं। ऐसा करना राज्यों की आर्थिक स्थिति के लिहाज से भी उचित नहीं है। मतदाताओं को मुफ्त में सुविधाएं या उपहार देने से अंततः सरकारी खजाने पर असर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि कोई भी मुफ्त वितरण वास्तव में सभी लोगों पर असर डालता है। ऐसे में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव नहीं हो पाते। अपनी कमाई से ज्यादा खर्च करना उनके लिए घातक साबित होगा। श्रीलंका इसका उदाहरण है। उसके आर्थिक पतन का कारण वहां के राजनीतिक दलों द्वारा लोगों को दिए गए मुफ्त उपहार हैं। कोई आय न होने के बाद भी मुफ्त योजनाओं की घोषणा करना देश के आर्थिक स्वास्थ्य की दृष्टि से उचित नहीं है। आमदनी की कोई ठोस योजना न होने के बाद भी राजनीतिक दल लोकलुभावन घोषणाएं कर जनता को छलने का कार्य कर रहे हैं। किसी वर्ग विशेष को मुफ्त की योजनाएं देकर जनता के विशेष वर्ग पर टैक्स का भार डाला जा रहा है। इसलिए देश के राजनीतिक दलों को इसे एक गलत परंपरा समझकर रोक देना चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

## मुगलों ने अपनी सभी मस्जिदें मंदिरों के ऊपर बनाईं: प्रवीण तोगड़िया

बदायूं,। राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने दावा किया कि मुगल काल में बनी सभी मस्जिदें मंदिरों को तोड़कर बनाई गई थीं। तोगड़िया ने रविवार शाम यहां बिल्सी इलाके में एक कार्यक्रम के दौरान यह टिप्पणी की। तोगड़िया का यह दौरा महाकुंभ से पहले उनके पश्चिमी उत्तर प्रदेश दौरे का हिस्सा है। तोगड़िया ने कहा, मुगल काल में बनी सभी मस्जिदें मंदिरों को तोड़कर बनाई गई थीं।ह्व बजरंग दल के अध्यक्ष ने दावा किया कि उन्होंने 12,000 मंदिरों की सूची देखी है, जिन्हें मस्जिद बनाने के लिए तोड़ दिया गया था। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों के खिलाफ हिंसा पर भी चिंता जताई। तोगड़िया ने कहा,अगर (प्रदर्शनकारियों की) लड़ाई बांग्लादेश सरकार से थी तो हिंदुओं को क्यों मारा गया। देश में ऐसी सरकार होनी चाहिए, जो हिंदुओं की रक्षा कर सके और उचित जवाब दे सके। इस वर्ष अगस्त में बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद से पड़ोसी देश में हिंदू समुदाय सहित धार्मिक अल्पसंख्यकों समुदायों के खिलाफ व्यापक हिंसा की खबरें सामने आई हैं।

## सोनभद्र में मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन युवकों की मौत

सोनभद्र ।जिले के कोन-तेलुगुडुवा मार्ग पर मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर खाई में गिर जाने से, उस पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि रविवार शाम करीब सात बजे हुई दुर्घटना के दौरान तीनों मोटरसाइकिल सवारों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। मृतकों की उम्र करीब बीस साल थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्ष पांडे ने बताया, बिलरुआ गांव के पास एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई, जिससे उस पर सवार तीन युवक घायल हो गए। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को अपने सरकारी वाहन से कोन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोन थाने के प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता ने बताया कि तीनों मोटरसाइकिल सवारों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## उत्तर प्रदेश: मकान पर अवैध कब्जा करने के आरोप में उपनिरीक्षक समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक मकान पर अवैध रूप से कब्जा करने के आरोप में एक उपनिरीक्षक समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कृष्णा नगर के थानाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि थानाक्षेत्र के आजादनगर इलाके में एक मकान पर कथित रूप से कब्जा करने के मामले में कृष्णा नगर थाने में तैनात एक उपनिरीक्षक समेत तीन पुलिसकर्मियों को रविवार रात निलंबित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अपर पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) राजेश कुमार यादव मामले की जांच कर रहे हैं।

## सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया सोनिया गांधी का जन्मदिन, कार्यकताओं ने रक्तदान किया

लखनऊ,। कांग्रेस संसदीय दल की नेता और पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिवस पर सोमवार को कार्यकताओं ने उत्तर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कांग्रेस मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि सोनिया गांधी के 78वें जन्मदिन को ह्यसद्भावना दिवसह्ल के रूप में मनाया गया और इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर रक्तदान शिविर आयोजित किये। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अजय राय ने वाराणसी में आयोजित शिविर में रक्तदान किया। हिंदवी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि आज देश में जिस तरह का विषाक्त माहौल वर्तमान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में बन गया है और जिस तरह सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेता दिन-प्रतिदिन इसे बढ़ाने का काम कर रहे हैं, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंदवी ने आरोप लगाया कि ह्यबटेंगे तो कटेंगेह्ल की सियासत करने वाली भाजपा इस देश के संविधान की मूल भावना का अनादर करती है और वह देश के लोकतांत्रिक व धर्मनिरपेक्ष चरित्र को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा के नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# उप्र के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा पहला विमान, इंडिगो फ्लाइट की सफल लैंडिंग

प्रात: किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा,। उत्तर प्रदेश के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार को फ्लाइट की सफलपूर्वक टेस्टि लैंडिंग हुई।
इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट संख्या अ320 नियो ने नोएडा एयरपोर्ट पर पहली सफल लैंडिंग की।
एयरपोर्ट पर विमान का वॉटर कैनन से स्वागत किया गया।
ये एयरपोर्ट अप्रैल 2025 से कमर्शियल उड़ानों के लिए खुल जाएगा।
आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनआईएएल) ने अप्रैल 2025 में हवाई अड्डे के वाणिज्यिक उद्घाटन से पहले, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए पहला उड़ान सत्यापन परीक्षण आयोजित किया।
एनआईएएल ने अगले साल 17 अप्रैल, 2025 को हवाई अड्डे के वाणिज्यिक उद्घाटन से पहले आज पहला उड़ान सत्यापन परीक्षण किया।




राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइन का एक परीक्षण विमान तकनीकी मूल्यांकन के लिए नोएडा के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा।
अगले साल अप्रैल, 2025 में वाणिज्यिक उड़ान संचालन शुरू होने से पहले ये विमान तकनीकी मूल्यांकन के लिए जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा।
अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट पर सुरक्षा से जुड़े सभी परीक्षण पूरे हो गए हैं।
नया इंटरनेशनल एयरपोर्ट अपने शुभारंभ के लिए तैयार है।
अप्रैल में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों गंतव्यों के लिए करीब 30 उड़ानें रवाना होने की उम्मीद है।
इसके पहले चरण में प्रमुख घरेलू शहरों को जोड़ने वाली 25 उड़ानें और अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए तीन उड़ानें होंगी।
इसके अलावा दो उड़ानें कार्गो सेवाओं पर केंद्रित होंगी।
उल्लेखनीय है।
कि नोएडा एयरपोर्ट पर 3900 मीटर लंबा एवं 60 मीटर चौड़ा पहला रनवे तैयार है।
रनवे पर मार्किंग और लाइटिंग का कार्य पूरा हो चुका है।

# जिला में और तेजी से घूमेगा विकास का पहिया : खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम

प्रात: किरण, संवाददाता

पलवल,। युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, खेल और कानून एवं विधायी राज्य मंत्री हरियाणा गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लोगों को सुविधाएं देने के उद्देश्य से हर क्षेत्र में विकास कार्य करवा रही है। जिला पलवल में भी विकास का पहिया अब और तेजी से घूमेगा। जिला में गांव की कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए रास्तों का सुंदरीकरण करवाया जाएगा। इसके अलावा जिले का खादर क्षेत्र भी आने वाले समय में अग्रिम भूमिका में होगा। इस क्षेत्र के विकास कार्य में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। राज्य मंत्री गौरव गौतम ने सोमवार को करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले विभिन्न सडक मार्गों के निर्माण व विशेष मरम्मत कार्यों का शिलान्यास किया। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने सोमवार को जिला के गांव धतीर में करीब 84 लाख 88 हजार रुपए की लागत से सिकंदरपुर से धतीर तक करीब एक किलोमीटर



लंबी लिंक रोड के मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने 41 लाख 92 हजार रुपए की लागत से ग्राम पंचायत राजूपुर खादर में दोस्तपुर से गुरवाडी पेंटून पुल मार्ग का खेत खलियान योजना के तहत निर्माण कार्य का विधिवत नारियल तोड़कर शिलान्यास किया। उन्होंने गांव शेखपुर खादर में करीब 35 लाख रुपए की लागत से गांव शेखपुर से यूपी बॉर्डर तक जाने वाले मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह सभी सडक मार्ग हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से बनाकर जल्द ही जनता को समर्पित की जाएंगी। खेल राज्य मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि करोड़ों रुपए की लागत से बनाई जाने वाली यह सडकें आने वाले समय में खादर क्षेत्र की लाइफ लाइन होंगी। इन सडकों के माध्यम से जेवर ऐयरपोर्ट जाने का रास्ता सुगम होगा। खादर के विकास में यह सभी सडक मार्ग सहायक बनेंगी। आने वाले वर्षों में खादर क्षेत्र विकास की दृष्टि से ऊभर पर सामने आएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व पटल पर मजबूत करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इसी प्रकार पलवल जिला के विकास कार्यों में कोई कोर कसर नहीं छोडी जाएगी। पलवल जिला को हर क्षेत्र चाहे वह शिक्षा का हो या स्वास्थ्य, खेल, परिवहन सहित अन्य मामलों में विकसित किया जाएगा। आने वाले समय में पलवल जिला देश के विकसित जिलों में शामिल होगा। लोगों की सुविधा के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार विकास कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। कार्यक्रमों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर गांव धतीर के सरपंच दुष्यंत कुमार, अजय डागर, मार्किटिंग बोर्ड के एसडीओ देवेंद्र सिंह, जेई सुनील कुमार, राजूपुर खादर की सरपंच बृजेश, शिव कुमार, रविंद्र कुमार, एसईपीओ बडौली जसवंत सिंह, गांव शेखपुर खादर सरपंच मिनाक्षी, जेई मनीष, रोहताश नम्बरदार, सोनू वर्मा, पंडित भूपेंद्र, सचिव गजराज, रतिराम भाटी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जेवर इकोनॉमी के ग्रोथ सेंटर के रूप में जाना जाने लगा है : राम मोहन नायड

प्रात: किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा, । उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के जेवर इलाके में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार को पहली ट्रायल उड़ान की शुरूआत हुई। इस दौरान विमान को रनवे पर लैंड कराया गया और सारे सुरक्षा उपकरणों की जांच हुई। इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू भी मौजूद थे। उनके साथ गौतमबुद्ध नगर के सांसद, विधायक समेत डीजीसीए के अधिकारी भी उपस्थित थे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा, ह्लइस डबल इंजन सरकार को पता है कि एक एयरपोर्ट किस तरीके के विकास को ला सकता है। इससे पूरे रीजन में विकास और इकोनॉमिक एक्टिविटी को बढ़ावा मिल सकता है।ह्व उन्होंने कहा कि पहले जेवर एक बैकवर्ड एरिया में जाना जाता था, लेकिन इस ट्रायल रन के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए जेवर फॉरवर्ड और इकोनॉमी के ग्रोथ सेंटर के रूप में जाना जाने लगा है। यह एयरपोर्ट सिर्फ पैसेंजर को ही एक स्थान से दूसरे स्थान तक नहीं पहुंचाएगा, बल्कि,




कारोबार की दृष्टि से बड़ा कार्गो हब भी होगा। बहुत सारी जॉब पैदा होंगी। हॉस्पिटैलिटी सेक्टर बढ़ेगा। यहां एयरो सेक्टर में कई मल्टीपल इंडस्ट्री ग्रोथ करेंगी। यह फ्यूचर में जॉब पैदा करने का नया स्तंभ भी होगा। उन्होंने कहा कि यह एक मील का पत्थर साबित होगा और इससे ना सिर्फ नई नौकरियां लोगों को मिलेंगी बल्कि विकास के सारे रास्ते भी खुलेंगे। आज मैं इस वैलिडेशन फंक्शन में मौजूद होकर काफी ज्यादा खुश हूं। जब भी मैं कहीं जाता था तो लोग मुझसे अक्सर यही पूछते थे कि जेवर एयरपोर्ट कब शुरू होगा और मुझे इस बात की खुशी है कि आज इस प्रोग्राम के बाद मुझे लग रहा है कि जल्द से जल्द लोग यहां से उड़ान भरेंगे। गौरतलब है कि एयरपोर्ट पर सुरक्षा से जुड़े सभी ट्रायल पूरे हो चुके हैं। पहली लैंडिंग के साथ जेवर एयरपोर्ट कमर्शियल सेवाओं के लिए तैयार हो गया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सभी सुरक्षा जांच के बाद नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान की पहली लैंडिंग की इजाजत दी थी। जिसके बाद डीजीसीए ने इस एयरपोर्ट का परीक्षण किया था। अब हरी झंडी मिलने के बाद सोमवार को पहले विमान की ट्रायल लैंडिंग हुई। माना जा रहा है कि अप्रैल 2025 से यहां से कमर्शियल फ्लाइट शुरू हो जाएगी, जो पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए बड़ा इकोनॉमिक ग्रोथ का हब बनेगा।

## उत्सव, मेलों पर सरकारी नियंत्रण को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 17 जनवरी को



प्रात: किरण, संवाददाता

प्रयागराज,। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कुछ मंदिरों के उत्सवों और मेलों पर सरकारी नियंत्रण को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई अगले वर्ष 17 जनवरी के लिए निर्धारित कर दी। डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने यह जनहित याचिका दायर की है। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की पीठ ने डॉ. स्वामी की ओर से सुनवाई टालने के अनुरोध पर यह तारीख निर्धारित की। स्वामी ने इस जनहित याचिका के जरिये वर्ष 2017 में सरकार के एक आदेशों को चुनौती दी, जिसके तहत राज्य सरकार ने कुछ मंदिरों के मेलों और उत्सवों का नियंत्रण और प्रबंधन अपने हाथ में ले लिया था। सरकार ने इस संबंध में 18 सितंबर, 2017 को अधिसूचना और तीन नवंबर 2017 को आदेश जारी किया था। जनहित याचिका में बताया गया कि ये आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 25 और 31-ए का उल्लंघन हैं। याचिका में आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने मनमाने ढंग से गैर संवैधानिक तरीके से मंदिरों और धार्मिक कामकाज को प्रबंधन और नियंत्रण अपने हाथ में लिया है। याचिका में जिन मंदिरों का उल्लेख किया गया है, उनमें ललिता देवी शक्तिपीठ, विंध्यवासिनी शक्तिपीठ, मां पातेश्वरी पीठ, देवीपाटन, शाकंभरी माता मंदिर सहारनपुर और नैमिषारण्य, सीतापुर शामिल हैं। अदालत में स्वामी के अनुपस्थित होने के कारण उनके अधिवक्ता ने सुनवाई के लिए अगली तारीख निर्धारित करने का अनुरोध किया था।

# धोखाधड़ी के मामले में कंपनी और निदेशकों पर केस दर्ज

प्रात: किरण, संवाददाता

नोएडा,। सिंगापुर के राष्ट्रीय संस्थान से प्रमाणपत्र और विशेषज्ञों से प्रशिक्षण दिलाने का झांसा देकर महिला के साथ ठगी करने के मामले में एक्सप्रेसवे थाने में दो निदेशकों और कंपनी के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। महिला का आरोप है कि नामजद निदेशकों ने कई अन्य लोगों के साथ भी इसी प्रकार की ठगी की है। शिकायत में सेक्टर-134 स्थित जेपी कॉसमॉस सोसाइटी निवासी सौम्या विश्नोई ने बताया कि वह टीसीएस कंपनी में बीते आठ सालों से काम कर रही हैं। शिकायतकर्ता ने एसएपी जीआरसी की ट्रेनिंग के लिए एसीटीई टेक्नोलजीज की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के आधार पर उनसे संपर्क किया। नौ मई 2024 को धनुष नामक व्यक्ति ने शिकायतकर्ता महिला के पास कॉल की और प्रशिक्षण संबंधी कई लुभावने वादे किए। एक अनुभवी टीचर से इस दौरान धनुष ने बात भी कराई ताकि महिला का विश्वास जीता




जा सके। वादों के जाल में फंसकर शिकायतकर्ता और उसकी दोस्त प्रीति ने 65 हजार रुपये का भुगतान कर दिया। भुगतान के बाद प्रशिक्षण के लिए योग्य टीचर को जोड़ा गया। लेकिन कुछ ही समय बाद अनुभवहीन शिक्षक से प्रशिक्षण दिलाया जाने लगा। सुबह के बैच की जगह शाम के बैच की पेशकश की गई। सर्वर एक्सेस देने में जानबूझकर देरी की गई। इस दौरान अच्छे शिक्षक से प्रशिक्षण दिलाने के लिए अतिरिक्त पैसे की मांग की गई। आरोप है कि एसीटीई टेक्नोलीज और उसके निदेशकों पन्नीरसेल्वम विनायगा मुरुगन और सुगन्या ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सुनियोजित योजना के साथ ठगी की है। आरोप की कि दोनों निदेशक अन्य लोगों को भी ठग चुके हैं। पुलिस ने कंपनी और निदेशकों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उत्तराखंड के लोक कलाकार 15 को बिखेरेंगे जलवा




प्रात: किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा, । सामाजिक संस्था उत्तराखंड सांस्कृतिक समिति द्वारा 15 दिसंबर को शहर के धर्म पब्लिक स्कूल परिसर में उत्तराखंडी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्तराखंड के लोक कलाकार अपनी लोक संस्कृति का जलवा बिखेरेंगे। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। मुख्य आकर्षण माधो सिंह भंडारी की वीरता को दशार्ती नृत्य नाटिका ह्लहम उत्तराखंडी छांह्व तथा देवभूमि की सुप्रसिद्ध मां नंदा देवी राजजात की झांकी होगी। संस्था के अध्यक्ष जेपीएस रावत ने बताया कि ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में रह रहे प्रवासी उत्तराखंडियों की नई पीढ़ी को पहाड़ की लोक संस्कृति से रूबरू कराने के उद्देश्य से हर साल भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। 15 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों में पढ़ रहे उत्तराखंड मूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इस बार कार्यक्रम में उत्तरखंड के सुपरहिट लोकगायक सौरभ मैठाणी, लोक गायिका खुशी जोशी, हास्य कलाकार पन्नू गुसाईं, लोक गायिका शशि पाठक, लोक गायक किशोर कबड़वाल आदि लोक कलाकार अपने गीत संगीत के माध्यम से ग्रेटर नोएडा वासियों को पहाड़ की वादियों से रूबरू कराएंगे।

# विश्व शांति का सन्देश के साथ संपन्न हुई धम्म यात्रा

प्रातः किरण संवाददाता,

वाराणसी,। सारनाथ (वाराणसी) से 16 नवंबर से निकली धम्म यात्रा 8 दिसंबर, 2024 (रविवार) को भगवान बुद्ध की महा परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में विभिन्न आयोजनों के साथ समाप्त हुई। धम्म यात्रा का समापन भगवान बुद्ध की विशेष पूजा, धर्म सभा एवं भोजन दान इत्यादि कार्यक्रमों के साथ हुआ। धम्म यात्रा में शामिल 200 भिक्षु 500 किलोमीटर की यात्रा तय कर कसया -देवरिया होते हुए कुशीनगर भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली पहुंचे थे। कुशीनगर पहुंचने पर थाई बौद्ध विहार, तिब्बती बुद्ध मंदिर,बरमिज बुद्ध मंदिर,श्रीलंका बुद्ध मंदिर के हजारों भिक्षुओं एवं उपसकों ने धम्म यात्रा का संचालन कर रहे धम्मा लर्निंग सेंटर एवं बुद्ध विहार, वाराणसी के विहाराधिपति चँदिमा भंते थेरो का गर्मजोशी के साथ स्वागत, बंदन एवं अभिनंदन किया। धम्म यात्रा में शामिल भिखु एवं उपसकों का जगह -जगह हजारों ग्रामीणों नें स्वागत किया । धम्म यात्रा के कसया पहुंचने पर वहां के पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने भी धम्म यात्रा का स्वागत किया। म्यांमार मंदिर में 8 दिसंबर, 2024 को आयोजित धम्म सभा में मुख्य अतिथि अग्ग महापंडित भदन्त ज्ञानेश्वर ने कहां की भगवान बुद्ध ने दुनिया को विश्व शांति, करुणा, दया और शांति का संदेश दिया था। इस तरह की धम्म यात्रा का प्रचलन बुद्ध के समय से ही चला आ रहा है। भगवान बुद्ध ने अष्टांगिक मार्ग पर चलने और जीवन जीने तथा बौद्ध धर्म का उपदेश जन-जन में जाकर देने के लिए उपदेशित किया था। चरथ भिखवे चरिक भी इसी परंपरा का वाहक है।
कार्यक्रम में भंते डॉक्टर नवरत्न, भंते महेंद्र, भंते शील प्रकाश, भिखुनी शीलनैना नें भगवान बुद्ध के उपदेशों की चर्चा की और कहा कि जब 2500 साल पहले आवागमन के कोई संसाधन नहीं थे, तब बुद्ध नें धम्म यात्रा कर दुनिया में बुद्ध धर्म का सन्देश दिया।
आज बुद्ध जहाँ पैदा हुए और उपदेश दिया वही से यह धर्म लुप्त प्राय हो गया।
समस्त भिक्षुओं ने शाम को बोधि वृक्ष पर जल दान किया और और भगवान बुद्ध की लेटी हुई प्रतिमा के सामने त्रिशरण, पंचशील तथा विधि -विधान के साथ पूजन - वंदन कर विश्व कल्याण की कामना करते हुए बुद्ध की लेटी हुई प्रतिमा को चिवर अर्पण किया। धम्म यात्रा भगवान बुद्ध की शवदाह स्थली रामभार का दर्शन पूजन किया। बुद्ध वंदना एवं पूजन अर्चन के पश्चात उपासक राम नगीना, फूल बदन, डीपी बौद्ध, अवधेश प्रसाद, सुदर्शन, बौद्ध दीप राज,चंद्रभूषण सिंह यादव इत्यादि ने भोजन दान किया।
धम्म यात्रा के संचालक चंद्रमा भंते थेरो ने कहा कि धम्म यात्रा का उद्देश्य विश्व को करुणा, दया, मैत्री एवं विश्व शांति का संदेश देना है। यह धम्म यात्रा 16 नंबर से शुरू होकर 8 दिसंबर, 2024 को कुशीनगर में समाप्त हुई है। धम्म यात्रा वाराणसी से शुरू होकर गाजीपुर, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, महाराजगंज जनपदों से होते हुए कुल 46 जगहों पर धम्म देशना और धर्मोपदेश का कार्यक्रम किया गया है।
पूरी यात्रा में हर धर्म, जाति व संप्रदाय के लाखों लोगों ने तथा बुद्ध धम्म के सर्वे सुखिनः भवन्तु, सर्वे संतु निरामया, सर्वे भद्राणी पश्यन्तु मां कश्चिद दुःख भाग भवेत के सिद्धांतों का चिंतन -मनन किया और जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। चँदिमा भंते नें कहा कि युवा पीढ़ी, महिलाओं और बच्चों के उत्साह और उनकी छटपटाहट को देखकर ऐसा लग रहा था कि आम जनता एक खास बंधन एवं उबाऊ जीवन से मुक्त होकर भगवान बुद्ध के शरण में आकर उनके आदर्शो को अपने जीवन में अपनाना चाहती है।
कार्यक्रम में रामदर्श चौधरी, आर के प्रसाद, पूर्व आर टी ओ श्यामनाथ, ई. एस पी राम,सुरेश लोखंडे, पी राम, दशरथ शर्मा, ललन भारती, स्वामीनाथ चौधरी, विजेंद्र शर्मा, रामकिशन बौद्ध की प्रमुख सहभागिता रही।

## पहाड़ों पर बर्फबारी, एनसीआर में बारिश, बढ़ेगी ठंड, पारे में गिरावट शुरू

नोएडा। एनसीआर में सीजन की पहली बारिश रविवार देर शाम हुई। अक्टूबर और नवंबर पूरी तरीके से बगैर बारिश के चले गए थे। अब दिसंबर के पहले हफ्ते के बाद रविवार को देर शाम दिल्ली एनसीआर में कई जगहों पर बूंदाबांदी हुई और कई जगहों पर तेज बारिश भी हुई। इसका अनुमान मौसम विभाग ने पहले ही लगा रखा था। अनुमान यह भी है कि आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री के आसपास तक जाएगा। जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का एहसास होना शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के कारण पहाड़ों पर एक तरफ जहां बर्फबारी शुरू होगी। वहीं मैदानी इलाकों में हल्की बारिश के बाद ठंड के बढ़ने के आसार शुरू हो जाएंगे और पारे में भी लगातार गिरावट दर्ज की जाएगी। दिल्ली के कुछ इलाकों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री तक भी पहुंच गया था। वही नोएडा में भी तापमान 7 से 8 डिग्री तक पहुंच गया था। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में कोहरे और पारे में गिरावट के चलते लोगों को ठंड का एहसास होना शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, सोमवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रहने का अनुमान है। शाम व रात में स्मॉग-धुंध का अनुमान है। वहीं, पहाड़ों में हो रही बर्फबारी से आने वाली ठंडी हवाएं और एक नए पश्चिमी विक्षोभ ने मौसम के मिजाज को पूरी तरह बदल दिया है।

# किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख सचिव के साथ की बैठक, जेल में बंद साथियों की रिहाई की मांग

प्रातः किरण संवाददाता,

ग्रेटर नोएडा, । अपनी मांगों और जेल में बंद किसानों की बिना शर्त रिहाई को लेकर सोमवार को प्रमुख सचिव औद्योगिक अनिल सागर के साथ किसानों के 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक हुई। इस बैठक में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण के एसीईओ और एडिशनल कमिश्नर शिवहरी मीणा मौजूद रहे। इससे पहले गौतमबुद्ध नगर के डीएम मनीष कुमार वर्मा के साथ भी संयुक्त किसान मोर्चा के सभी 15 घटक दलों की मीटिंग हुई। दोनों मीटिंग में संयुक्त किसान मोर्चा ने आंदोलन के दौरान जेल में बंद नेताओं और किसानों की बिना शर्त रिहाई की बात प्राथमिकता से रखी। वहीं, किसान नेताओं के घर के सदस्यों और महिलाओं को थाने में बुलाने और प्रताड़ित करने की कवायद तुरंत प्रभाव से रोके जाने की मांग भी की। संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि वार्ता और संवाद से ही समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। किसानों ने कहा कि शासन-प्रशासन और सरकार संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन को अपनी बातों को मनवाने का एक माध्यम मात्र ही समझा जाए और गौतमबुद्ध नगर के आंदोलन




को देश में अन्यत्र स्थान पर हो रहे आंदोलन के साथ जोड़कर नहीं देखा जाए।
किसानों ने मांग की है कि सर्वप्रथम तुरंत प्रभाव से संयुक्त किसान मोर्चा का एक डेलिगेशन जेल में मीटिंग के लिए भेजा जाए। जिससे वार्ता का यह दौर आगे की तरफ चले और जेल में बंद नेताओं से बात कराई जाए।
किसानों की मांग को लेकर एडिशनल कमिश्नर शिवहरी मीणा और डीएम गौतमबुद्ध नगर दोनों ने ही पुलिस के इन क्रियाकलापों पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने और किसानों की बिना शर्त रिहाई के लिए आश्वस्त किया। प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास ने आंदोलन के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर मांगों पर आश्वासन दिया। इस मौके पर किसानों ने कहा कि उनके संगठनों में कोई फूट नहीं है।
हम सभी एक साथ हैं और आगे बढ़ रहे हैं।
संयुक्त किसान मोर्चा ने उम्मीद जताई है कि इस मीटिंग के बाद शासन-प्रशासन सकारात्मक रवैया अपनाएगा और अफरा-तफरी के इस माहौल को खत्म करके संवाद की तरफ आएंगे।
संयुक्त किसान मोर्चा ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि सबसे पहले जेल में बंद अपने नेताओं और किसानों को बाहर लाएगा और फिर संवाद की रणनीति के तहत जिन मुद्दों पर आंदोलन शुरू हुआ था, उन्हें आगे लेकर चलेगा और समाधान करेगा।



## ंजय मिश्रा ने ख़ुद को बताया भाग्यशाली

ूल भुलैया फैंचाइजी में लगातार कॉमेडी का ड़का लगाते हुए संजय मिश्रा ने अपने शसंकों का दिल जीत लिया है। उन्होंने भुल ुलैया 3 से पहले भूल भुलैया और भूल ुलैया 2 के अलावा गोलमाल, धमाल, ऑल द स्ट, बंटी और बबली जैसी कई फिल्मों में पनी बेहतरीन कॉमेडी से दर्शकों का दिल ीता है। संजय ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं योंकि उन्हें इस इंडस्ट्री में कई तरह के िरदार निभाने को मिले। इसके अलावा संजय फिल्म जाइए आप कहां जाएंगे को लेकर भी ई खुलासे किए। कॉमेडी फिल्मों के अलावा ी संजय ने कई फिल्मों में अलग तरह के ीरियस किरदार भी निभाए हैं। संजय ने िल्म आंखों देखी, मशान, वद्ध और भक्षक में लग तरह के गंभीर किरदार भी निभाकर र्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। संजय ने हा रजत कपूर और सुभाष कपूर ने मुझे ांखों देखी और फस गए रे ओबामा जैसी हतरीन फिल्मों का हिस्सा बनाया और उन्होंने ुझे एक लीड अभिनेता के तौर पर किरदार ो निभाने का मौका दिया।

### हमूद को किया याद

िवंगत हिंदी सिनेमा आइकन महमूद का दाहरण देते हुए संजय ने कहा कि लोग उन्हें यादातर हास्य भूमिकाओं के लिए जानते हैं, ेकिन उन्होंने पोलियो टीकाकरण के बारे में क गंभीर संदेश देने वाली फिल्म कुंवारा बाप ी बनाई। आगे संजय ने कहा अगर आप इस हर के किरदारों को करने का मौका नहीं लेंगे ो चीजें कैसे बदलेंगी। संजय ने आगे कहा, िल्म इंडस्ट्री में यह बात बिल्कुल तय है कि स तरह की भूमिका ऐसे अभिनेताओं के लिए नाई जाती है क्योंकि यह निवेश के बारे में ोड़ते हुए है। यही वजह है कि इस तरह की ॉमेडी फिल्में बनाई जा रही हैं।

### ाइए आप कहां जाएंगे फिल्म में आएंगे नजर

ंजय जल्द ही आगामी फिल्म जाइए आप कहां जाएंगे में दिखाई देंगे, जो एक काल्पनिक कहानी है, जहां किशन नाम का एक व्यक्ति स चुनौती से उबरने के लिए एक मोबाइल ॉयलेट रिक्शा का आविष्कार करके समाज, िशेषकर महिलाओं के लिए अच्छा करने का यास करता है। इस फिल्म में संजय मिश्रा के लावा करण आनंद, अधरिजा, मोनाल ज्जर, इश्तियाक खान, नीरज सूद, सुब्रत त्ता और ऋषिता भट्ट नजर आएंगे। फिल्म का िर्देशन निखिल राज ने किया है और यह िल्म 20 दिसंबर को रिलीज होगी।

### फिल्म जाइए आप कहां जाएंगे को लेकर संजय ने कही दिल की बात

ंजय ने कहा, हमें कुछ ऐसी फिल्में बनानी ाहिए जिनके बारे में दूसरे लोग बात करें और ापसे कहें, मैं भी फिल्म देखूंगा... जब आप िकास के चरण से ही किसी कहानी का िस्सा हैं, तो आपको यह करना ही होगा। मुझे कीन है कि भविष्य में लोग कहेंगे। आपने च्छी फिल्म बनाई।



## फिल्म 'केदारनाथ' के 6 साल पूरे होने पर सारा ने फिल्म से जुड़ी बातें साझा की

सारा अली खान ने साल 2018 में 'केदारनाथ' फिल्म के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था। इस फिल्म में उनके हीरो सुशांत सिहं राजपूत थे, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। इस फिल्म से सारा का गहरा जुड़ाव रहा है। साथ ही जिस जगह यह फिल्म शूट हुई थी, वह भी सारा अली खान के दिल के काफी करीब है। यही कारण है कि अपनी फिल्म 'केदारनाथ' के 6 साल पूरे होने पर उन्होंने उस खास जगह की यादों को फिर से साझा किया है। साथ ही इंस्टाग्राम वीडियो में उन्होंने उस खास जगह और फिल्म से जुड़ी कुछ बातें भी साझा की हैं।

### खास जगह के कारण बनी पहचान

सारा अली खान इंस्टाग्राम वीडियो में अपनी फिल्म 'केदारनाथ' की शूटिंग वाली जगह पहुंचकर काफी खुश दिख रही हैं। यह जगह असल में केदारनाथ धाम है, यही पर सारा की पहली फिल्म की शूटिंग हुई थी। सारा अली खान खुद भी बाबा केदार यानी भगवान शिव की बहुत बड़ी भक्त हैं। वह वीडियो में कहती हैं कि मैं जो कुछ हूं, इसी जगह की वजह से हूं।' वह वीडियो में केदारनाथ धाम में आम लोगों के बीच घुल-मिलकर भगवान शिव के दर्शन करती हुई भी दिखीं। यह वीडियो कुछ महीनों पुराना है, लेकिन सारा ने इसे दोबारा शेयर किया है। साथ ही अपनी फिल्म 'केदारनाथ' के 6 साल पूरे होने का जिक्र भी इसमें किया है।

### हर साल जाती हैं केदारनाथ

सारा अली खान केदारनाथ धाम हर साल जाती हैं। इस जगह से उनको गहरा लगाव है। पिछले दिनों भी एक इंटरव्यू में सारा अली खान ने केदारनाथ धाम की अपनी यादें साझा की थीं। सारा पुराने इंटरव्यू में कहती हैं, मैं केदारनाथ कई बार जा चुकी हूं, उम्मीद है कि हर साल जाऊंगी। वहां आने वाले ज्यादातर लोगों ने फिल्म देखी है इसलिए वो सब मुझे जानते हैं। अगर मैं केदारनाथ के आस-पास किसी ढाबे पर बैठी हूं तो लोग मुझे पहचान लेते हैं कभी-कभी कोई यात्री मंदिर का रास्ता पूछ लेता है।

### आदित्य रॉय के साथ अगली फिल्म



सारा अली खान के करियर फ्रंट की बात करें तो वह फिल्म मेट्रो इन दिनों का हिस्सा बनी हैं। इसमें उनके साथ आदित्य रॉय कपूर होंगे। साथ ही पंकज त्रिपाठी, नीना गुप्ता, अनुपम खेर और फातिमा सना शेख जैसे कलाकार भी फिल्म में हैं। इस फिल्म को निर्देशक अनुराग बसु बना रहे हैं। फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' को लेकर सारा भी काफी उत्साहित हैं।



## तमिल सिनेमा में आमिर खान की एंट्री पक्की? कुली की शूटिंग के लिए जयपुर पहुंचे अभिनेता!

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान कथित तौर पर बहुप्रतीक्षित तमिल फिल्म कुली के कलाकारों में शामिल हो रहे हैं, जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत मुख्य भूमिका में हैं। लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित यह फिल्म रजनीकांत और निर्देशक के बीच एक नए सहयोग का प्रतीक है। इसी बीच अभिनेता आमिर खान का जयपुर एयरपोर्ट से एक वीडियो सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है। इसे लेकर बताया जा रहा है कि आमिर फिल्म कुली में अपने कैमियो शूट के लिए जयपुर पहुंचे हैं।

### कुली की शूटिंग के लिए जयपुर पहुंचे आमिर?

रिपोर्ट की मानें तो आमिर खान ने निर्माताओं को अपनी तारीखें दे दी हैं और आज जयपुर में शुरू हुए फिल्म के नए शेड्यूल के दौरान रोमांचक कैमियो की शूटिंग करने वाले हैं। हालांकि, फिल्म में उनकी भागीदारी की आधिकारिक पुष्टि अभी भी प्रतीक्षित है। अगर खबरें सच निकलती हैं तो कुली तमिल सिनेमा में आमिर खान की पहली फिल्म होगी।

### किरदार पर विवरण अभी भी गुप्त

कुली की कास्ट और क्रू शूटिंग के लिए पहले ही जयपुर पहुंच चुकी है। हालांकि, खान की भूमिका का विवरण अभी भी गुप्त है, लेकिन यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वह कनगराज की 2022 की ब्लॉकबस्टर फिल्म विक्रम में सूर्या की शक्तिशाली भूमिका की तरह एक कैमियो भूमिका निभा सकते हैं।

### गैंगस्टर ड्रामा है कुली

कुली एक एक्शन से भरपूर गैंगस्टर ड्रामा है जिसमें रजनीकांत एक डॉन की भूमिका निभा रहे हैं। कथित तौर पर यह कहानी सोने की तस्करी के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में श्रुति हासन, सत्यराज, उपेंद्र और नागार्जुन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

### आमिर खान का वर्कफ्रंट

विशेष रूप से, कनगराज की पिछली फिल्मों लियो और विक्रम के विपरीत कुली लोकी सिनेमैटिक यूनिवर्स पर आधारित नहीं है। फिल्म अगले साल यानी 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस बीच, आमिर खान एक अन्य प्रोजेक्ट सितारे जमीन पर में व्यस्त हैं, जो अगले साल रिलीज होने की उम्मीद है।

## अब पूजा हेगड़े के साथ पर्दे पर रोमांस फरमाएंगे वरुण धवन

वरुण धवन इन दिनों अपनी अगली फिल्म बेबी जॉन को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच अभिनेता के नए प्रोजेक्ट की भी जानकारी सामने आ गई है। वरुण धवन अपने पिता डेविड धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में नजर आएंगे इस फिल्म में अभिनेता के अपोजिट पैन इंडिया स्टार पूजा हेगड़े होंगी। यह जोड़ी के पहले ऑन-स्क्रीन सहयोग का प्रतीक है। फिल्म पर और ज्यादा अपडेट आने वाले दिनों में आने की उम्मीद है।





## दबंग टूर में सामंथा रुथ के गाने पर थिरकेंगी तमन्ना

सलमान खान के दबंग टूर का दुबई में आगाज होगा। इस टूर में कई तमन्ना भाटिया भी शामिल हैं। वह एक हिट आइटम नंबर को परफॉर्म करेंगी। जो गाना वह परफॉर्म करेंगी, वह कुछ साल पहले काफी हिट रहा है। तमन्ना भाटिया इस समय दुबई में हैं और दबंग टूर में परफॉर्म करने के लिए तैयारियां कर रही हैं। एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह डांस की तैयारियां करती दिखीं। जिस गाने पर वह डांस की रिहर्सल कर रही हैं, उस गाने पर असल में साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ ने परफॉर्म किया था। कौन सा है वह गाना जानिए।

### पुष्पा फिल्म का हिट गाना

जिस गाने पर तमन्ना भाटिया डांस कर रही है, उस गाने का सीधा कनेक्शन अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा' से है। जी हां, यह गाना सामंथा रुथ पर फिल्माया गया 'ऊ अंटावाज' है। इसी गाने पर तमन्ना भाटिया रिहर्सल करती हुई वीडियो में नजर आ रही हैं। वीडियो में तमन्ना भाटिया जिस शिद्दत से 'ऊ अंटावा' गाने पर डांस कर रही हैं, उससे देखकर लगता है कि दबंग टूर में सबसे ज्यादा यही गाना पसंद किया जाएगा। तमन्ना की अदाएं इस गाने की रिहर्सल में देखकर दर्शक उन पर पूरी तरह फिदा हो सकते हैं। जब दबंग टूर में इस गाने को तमन्ना असल में परफॉर्म करेंगी तो वह दर्शकों का दिल लुट लेंगी।





## एनिमल की सफलता के बाद कैसे बदल गईं तृप्ति डिमरी? अविनाश तिवारी का खुलासा

हॉरर थ्रिलर फिल्म बुलबुल से तृप्ति डिमरी को पहचान मिली थी, लेकिन रणबीर कपूर स्टारर फिल्म एनिमल तृप्ति के करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई है। इस फिल्म ने तृप्ति को रातों रात नेशनल क्रश बना दिया। इसके साथ ही एनिमल के बाद तृप्ति को फिल्मों के जमकर ऑफर आए।

अविनाश और तृप्ति कथित तौर पर वर्षों से काफा अच्छे दोस्त रहे हैं। हाल ही में, एक इंटरव्यू में अविनाश से पूछा गया कि क्या पिछले साल रिलीज हुई एनिमल की सफलता के बाद तृप्ति में कोई बदलाव आया है। एनिमल के बाद तृप्ति ने कई फिल्में की हैं और अब वह बॉलीवुड में एक जाना-माना नाम हैं। दूसरी ओर, अविनाश ने कहा कि उन्हें अभिनेत्री में कुछ आत्मविश्वास दिखाई देता है जो समय के साथ बढ़ा है।

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अविनाश तिवारी से लैला मजनू की सह-कलाकार तृप्ति डिमरी के बारे में पूछा गया कि क्या फिल्म उद्योग में उनकी सफलता के बाद अभिनेत्री बदल गई है, तो अविनाश ने कहा कि वे पिछले साल एनिमल की रिलीज के बाद एक-दो बार मिल चुके हैं। उन्होंने कहा, हम तो जैसे मिलते हैं वैसे ही मिलते हैं। और उन्हें उनमें कोई बदलाव नहीं दिखता। अविनाश ने कहा कि लोग यह धारणा बनाते हैं कि फ़िल्म की सफलता के बाद अभिनेता बदल जाते हैं। लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अभिनेत्री निश्चित रूप से अपने जीवन का भरपूर आनंद ले रही है। अविनाश ने कहा, मैं देखता हूँ कि उसमें एक निश्चित मात्रा में आत्मविश्वास आया है, जिसे मैंने उसमें बढ़ता हुआ देखा है। काम की बात करें तो, तृप्ति ने एनिमल के बाद कई प्रोजेक्ट पर काम किया है। उन्होंने 2024 की शुरुआत विक्की कौशल और एमी विर्क के साथ बैड न्यूज की थी। इसके बाद राजकुमार राव के साथ विक्की विद्या का वो वाला वीडियो और कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित अभिनीत भूल भुलैया 3 में काम किया है। तृप्ति की आगामी फिल्म धड़क 2 है। इस बीच, अविनाश तिवारी की थ्रिलर फिल्म, सिकंदर का मुकद्दर, 29 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो चुकी है। अविनाश के साथ, फिल्म में जिमी शेरगिल, तमन्ना भाटिया और राजीव मेहता भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



## पति के साथ लव मैरिज की शूटिंग करती नजर आईं मोनालिसा

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस मोनालिसा पति विक्रांत सिंह राजपूत के साथ हाल ही में शूटिंग करती नजर आईं। मोनालिसा और विक्रांत दोनों की जोड़ी को फैंस काफी पसंद करते हैं। हाल ही में दोनों स्टार्स लव मैरिज की शूटिंग कर रहे थे, जिसमें उनकी रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली। सोशल मीडिया पर इस जोड़ी के वीडियो और तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जो दर्शकों को बहुत पसंद आ रही हैं। इन तस्वीरों को मोनालिसा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया है। बता दें कि भोजपुरी फिल्मों के अलावा मोनालिसा छोटे पर्दे पर धारावाहिकों में भी नजर आ चुकी हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### टाटा की कंपनी ने करा दी मौज... निवेशकों ने 5 दिन में छाप डाले 62000 करोड़ रुपए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले सप्ताह शेयर बाजार में शानदार उछाल देखा गया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 1906.33 अंक यानी 2.38 फीसदी बढ़कर 81,872.50 अंक पर पहुंच गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 546.70



अंक या 2.26 फीसदी बढ़कर 18,098.70 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की टॉप-10 कंपनियों में से छह की मार्केट वैल्यू में 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का उछाल आया। खासकर टाटा ग्रुप की कंपनी टीसीएस के निवेशकों को फायदा हुआ, जिन्होंने पांच दिनों में करीब 62,000 करोड़ रुपए की कमाई की।

बीते सप्ताह सेंसेक्स की टॉप-6 कंपनियों की मार्केट वैल्यू मिलाकर 2.03 लाख करोड़ रुपए बढ़ी। इस दौरान टीसीएस और एचडीएफसी बैंक ने शानदार मुनाफा कमाया। टीसीएस की मार्केट वैल्यू 62,574.82 करोड़ रुपए बढ़कर 16,08,782.61 करोड़ रुपए हो गई, जबकि एचडीएफसी बैंक की मार्केट वैल्यू 45,338.17 करोड़ रुपए बढ़ी और यह 14,19,270.28 करोड़ रुपए तक पहुंच गई।

**रिलायंस और इंफोसिस ने भी अच्छा प्रदर्शन किया-** इसके अलावा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस ने भी शानदार प्रदर्शन किया। रिलायंस की मार्केट वैल्यू 26,185.14 करोड़ रुपए बढ़कर 17,75,176.68 करोड़ रुपए हो गई, वहीं इंफोसिस की मार्केट वैल्यू 26,885.8 करोड़ रुपए बढ़कर 7,98,560.13 करोड़ रुपए तक पहुंच गई।

### एटीएम में कैश विदड्रॉल के नियम बदलेंगे, धोखाधड़ी पर लगेगी लगाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई एटीएम बूथों पर नकदी निकासी के नियमों में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। इसके तहत अब देशभर के चुनिंदा एटीएम में नकद वापसी (कैश रिट्रैक्शन) सुविधा को फिर से शुरू किया जाएगा। इसमें तय समय के भीतर ग्राहक द्वारा ग्रहण नहीं की गई नकदी को एटीएम मशीन वापस खींच लेगी। यह कदम ग्राहकों की सुरक्षा और ठगी रोकने लिए उठाया गया है।

**क्या है सुविधा-** एटीएम में नकद वापसी ऐसी सुविधा है, जिसमें यदि ग्राहक निर्धारित समय के भीतर कैश ट्रे नकदी नहीं उठाता है, तो मशीन उस नकदी को वापस खींच लेती है। पहले इस सुविधा का दुरुपयोग किया गया था, जहां जालसाज आंशिक राशि उठा लेते थे लेकिन मशीन लॉग में पूरी राशि की निकासी का रिकॉर्ड दर्ज होता था। इससे बैंकों को भारी चपत लग रही थी। इस कारण आरबीआई ने वर्ष 2012 में इस सुविधा को बंद कर दिया था।

**जालसाजी का नया तरीका-** हालांकि, इसके बाद जालसाजों ने एटीएम बूथ पर धोखाधड़ी करने के लिए नया तरीका निकाल लिया।

# लोन के रेट नहीं घटे, फिर भी ईएमआई कम करने का विकल्प

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई ने लगातार 11वीं बार प्रमुख ब्याज दर यानी रेपो रेट में किसी तरह का बदलाव नहीं किया है। इससे कर्ज की किस्त में राहत मिलने की उम्मीद लगाए बैठे थे ग्राहकों का इंतजार और बढ़ गया है। खासकर होम लोन की किस्त फिलहाल कम नहीं होंगी। विशेषज्ञ कहते हैं कि इस स्थिति में ग्राहक लोन रीफाइनेंसिंग का विकल्प चुन सकते हैं। इसकी मदद से वे अपनी ईएमआई बोझ कुछ कम कर सकते हैं।



**क्या है लोन रीफाइनेंसिंग-** यह विकल्प उन ग्राहकों के लिए सबसे कारगर साबित हो सकता है, जिन्होंने उच्च ब्याज दर पर कोई कर्ज लिया है। इसी बीच उन्हें पता लगता है कि कोई अन्य बैंक उसी कर्ज के लिए कम ब्याज ले रहा है तो वे अपने पुराने कर्ज को नए बैंक में ट्रांसफर करवा सकते हैं। यानी पुराने बकाये कर्ज को चुकाने के लिए उन्हें कम ब्याज दर पर नया कर्ज मिल जाता है।

इसे ही लोन रीफाइनेंसिंग कहा जाता है। इसमें होम लोन, वाहन लोन समेत अन्य कई तरह के कर्ज शामिल हो सकते हैं। नया कर्ज उसी बैंक से या नए बैंक से लिया जा सकता है। चूंकि नए लोन में ब्याज दर कम होती है तो इससे कर्जदार पर ईएमआई का बोझ कम हो जाता है।

**अच्छा सिबिल स्कोर होना जरूरी-** यह लोन कर्ज लेने वाले ग्राहक के सिबिल स्कोर को देखते हुए कोई बैंक देता है। साथ ही ग्राहक की वित्तीय स्थिति देखते हुए भी बैंक उसे लोन रीफाइनेंस की सुविधा दे सकते हैं। इसके बाद ग्राहक को कम ब्याज दर वाले नए कर्ज का ही पुनर्भुगतान करना पड़ता है।

**छोटी अवधि का विकल्प चुन सकते हैं-** लोन रिफाइनेंसिंग के तहत कम ब्याज दर और छोटी ईएमआई के अलावा छोटी कर्ज अवधि का फायदा भी मिल सकता है। छोटी लोन अवधि होने से कर्ज जल्दी चुक सकता है। उदाहरण के लिए अगर आपने एक निश्चित अवधि के लिए कोई लोन लिया है तो उसे रीफाइनेंस कराने के बाद आप कम समय में भी उसका भुगतान कर सकते हैं। लोन रिफाइनेंसिंग के जरिए ब्याज पर लंबी अवधि की बचत को बढ़ाया जा सकता है।

### उदाहरण से ऐसे समझें

मान लीजिए कि 20 साल के लिए आठ फीसदी सालाना की ब्याज दर पर 50 लाख रुपये का लोन चल रहा है। ऐसे में इस लोन पर कुल 50.37 लाख रुपये का ब्याज होगा। अगर इस लोन को रिफाइनेंस किया जाता है, जिसके तहत ब्याज दर सात फीसदी है तो भुगतान किया जाने वाला कुल ब्याज घटकर 43.03 लाख रुपये पर आ जाएगा। यानी लगभग 7.34 लाख रुपये की बचत होगी।

### ऐसे कर सकते हैं आवेदन

रिफाइनेंस के लिए सबसे उस बैंक या वित्त संस्थान से संपर्क करना होगा, जो कम ब्याज दर पर वही लोन उपलब्ध करा रहा हो। नए कर्जदाता की सभी औपचारिकताएं पूरी करनी होगी। इसके बाद ग्राहक को दो विकल्प मिल सकते हैं। पहले विकल्प में नया बैंक, पुराने बैंक का कर्ज चुकाकर बकाया राशि पर नई ब्याज दर तय कर सकता है।

दूसरा विकल्प यह है कि नया लोन ग्राहक को जारी हो, वह खुद पुराना कर्ज चुकाए। इसके बाद नए कम ब्याज वाली नए कर्ज की किस्त भरे। विशेषज्ञों का कहना है कि दोनों ही विकल्प में पूरी शर्तें समझने के बाद ही फैसला लेना चाहिए।

### अभी कितनी हैं होम लोन की ब्याज दरें

वर्तमान में, सरकारी बैंकों की होम लोन की ब्याज दरें लगभग 8.35 प्रतिशत से शुरू होती हैं और अधिकतम 10.85 फीसदी प्रति वर्ष तक जा सकती हैं। वहीं, निजी बैंकों के मामले में होम लोन दर 8.50 प्रतिशत से शुरू होकर अधिकतम 13.30 प्रतिशत प्रतिशत तक हो सकती हैं। उधर, ऐसे वित्त संस्थान जो जोखिम उठाते हैं, वे 17 फीसदी तक ब्याज वसूल सकते हैं।

# 66 प्रतिशत कंपनियों ने काम करवाने के लिए दी अधिकारियों को रिश्वत

### ऑनलाइन मंच लोकलक्रिकल्स की रिपोर्ट में किया गया है दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के सरकारी दावों के बावजूद कंपनियों को अपना काम निकलवाने के लिए रिश्वत देनी पड़ती है। देशभर के 159 जिलों में लगभग 66 प्रतिशत व्यापारिक कंपनियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने पिछले 12 महीनों में रिश्वत दी है। ऑनलाइन मंच लोकलक्रिकल्स की रविवार को जारी रिपोर्ट में यह कहा गया है। सर्वेक्षण में 18,000 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं, जिसमें पाया गया कि 54 प्रतिशत को रिश्वत देने के लिए मजबूर किया गया, जबकि 46 प्रतिशत ने प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए स्वेच्छा से भुगतान किया।



रिपोर्ट में कहा गया कि कई कंपनियां नाम न छापने की शर्त पर बताती हैं कि सरकारी विभागों से परमिट या अनुपालन प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए रिश्वत देना आम बात है। प्राधिकरण लाइसेंस की डुप्लिकेट प्रति या संपत्ति से जुड़े किसी भी मामले में रिश्वत देना आम बात है। सर्वेक्षण में शामिल 66 प्रतिशत व्यवसायों ने पिछले 12 महीनों में रिश्वत दी है। सर्वेक्षण में शामिल केवल 16 प्रतिशत व्यवसायों ने दावा किया कि वे हमेशा रिश्वत दिए बिना काम करवाने में कामयाब रहे हैं और 19 प्रतिशत ने कहा कि उन्हें ऐसा करने की आवश्यकता नहीं पड़ी।

**क्यों दी रिश्वत-** रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 12 महीनों में जिन व्यवसायों ने रिश्वत दी, उनमें से 54 प्रतिशत को ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया, जबकि 46 प्रतिशत ने समय पर काम होने के लिए भुगतान किया। इस तरह की रिश्वत जबरन वसूली के समान है, जहां सरकारी एजेंसियों के साथ काम करते समय परमिट, आपूर्तिकर्ता योग्यता, फाइलें, ऑर्डर, भुगतान नियमित रूप से रोके जाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार कई स्थानों पर कम्प्यूटरीकरण के बावजूद तथा सीसीटीवी से दूर बंद दरवाजों के पीछे व्यवसायों द्वारा रिश्वत देना जारी है।

व्यवसायों ने पिछले 12 महीनों में आपूर्तिकर्ता के रूप में अर्हता प्राप्त करने, कोटेशन और ऑर्डर सुरक्षित करने तथा भुगतान एकत्र करने के लिए विभिन्न प्रकार की संस्थाओं को रिश्वत देने की बात स्वीकार की है। यह सर्वेक्षण 22 मई से 30 नवंबर 2024 के बीच किया गया था। सर्वेक्षण में भाग लेने वाली व्यावसायिक फर्मों ने कहा कि 75 प्रतिशत रिश्वत कानूनी, मेट्रोलॉजी, खाद्य, औषधि, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारियों को दी गई।

# बेजोस-कुक, बफे-पेपरब्वॉय, डेल-डिशवॉशर... क्या थी दुनिया के अरबपतियों की पहली नौकरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एलन मस्क दुनिया के सबसे बड़े रईस हैं। वह टेस्ला, ट्विटर और स्पेसएक्स समेत कई कंपनियां चला रहे हैं। उनकी नेटवर्थ 376 अरब डॉलर है और माना जा रहा है कि वह दुनिया के पहले ट्रिलिनेयर बन सकते हैं। दूर-दूर तक कोई उनकी टक्कर में नहीं है। लेकिन उनकी पहली नौकरी बॉयलर रूम क्लीनर की थी। पेशे से इंजीनियर मस्क ने 1989 में कनाडा की एक लंबर मिल में बॉयलर रूम क्लीनर की नौकरी की थी। इसके लिए उन्हें हर घंटे 18 डॉलर मिलते थे। लेकिन यह नौकरी बहुत खतरनाक थी और हाइपरथर्मिया से बचने के लिए उन्हें हर 15 मिनट में दूसरे वर्कर्स के साथ पोजीशन चेंज करने पड़ती थी।



दुनिया के दूसरे बड़े रईस और ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस ने अपनी पहली नौकरी मैकडॉनल्ड्स में कुक के तौर पर की थी। बेजोस की नेटवर्थ आज 246 अरब डॉलर पहुंच चुकी है। दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी ऐपल के दिवंगत को-फाउंडर स्टीव जॉब्स ने एसेंबली लाइन वर्कर के तौर पर पहली नौकरी की थी। इसी तरह माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स ने प्रोग्रामर के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की थी। वह कई साल तक दुनिया के सबसे बड़े रईस रहे। आज उनकी नेटवर्थ 166 अरब डॉलर है और वह दुनिया के छठे बड़े रईस हैं।

# रिफाइनेंसिंग के जरिये जल्द चुका सकते हैं होम लोन, बचत भी होगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई ने रेपो दर को लगातार 11वीं बार यथावत रखते हुए भले ही सीधे तौर पर कर्जदारों को कोई राहत नहीं दी है, लेकिन नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 0.5 फीसदी की कटौती कर अप्रत्यक्ष तौर पर थोड़ी रियायत जरूर दी है। केंद्रीय बैंक के इस कदम से बैंकों को 1.16 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी मिलने की उम्मीद है। इससे वे आने वाले समय में कर्ज दरों के मोर्चे पर राहत जरूर दे सकते हैं।

ऐसे में अगर आपका कोई होम लोन चल रहा है तो मौजूदा या किसी अन्य बैंक में रिफाइनेंस कराने पर विचार कर सकते हैं। अगर नया घर खरीदना चाहते हैं तो भी ब्याज को लेकर मोलभाव कर सकते हैं।



**बैंकों से मोलभाव का अच्छा समय-** रेपो दर में कोई बदलाव नहीं होने से अभी आपकी ईएमआई नहीं बढ़ेगी। यह उन उधारकर्ताओं के लिए अच्छी खबर है, जिनकी आर्थिक स्थिति तंग है।?बैंक कर्ज दरों को स्थिर बनाए रख सकते हैं। अगर आप घर खरीदना चाहते हैं या अपने होम लोन को रिफाइनेंस कराने की योजना बना रहे हैं, तो यह कम ब्याज दर के लिए मोलभाव करने का अच्छा समय हो सकता है।

### रिफाइनेंस कराने के फायदे

आपने 9 फीसदी ब्याज पर 240 माह के लिए 50 लाख का होम लोन लिया है तो 57.96 लाख ब्याज समेत कुल 1,07,96,711 रुपये चुकाना होगा।

### बचत के अन्य तरीके

अधिक ईएमआई चुकाएं = अगर आप 44,986 रुपये की जगह 50,000 रुपये ईएमआई भरने लगते हैं तो कर्ज अवधि 240 महीने से कम होकर 186 माह रह जाएगी। एक अतिरिक्त ईएमआई भरें = पूरे साल में एक अतिरिक्त ईएमआई भरने पर आपकी कर्ज अवधि घटकर 195 महीने रह जाएगी। कुल बचे कर्ज का 5 फीसदी भुगतान करें = ईएमआई के अलावा अगर आप हर 12 महीने में एक बार बचे कुल कर्ज का 5 फीसदी हिस्सा भुगतान करते हैं तो आपकी देनदारी 133

# दिसंबर में ये 16 शेयर दे सकते हैं भारी रिटर्न, एक्सिस सिक्योरिटीज का तेजी का अनुमान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक्सिस सिक्योरिटीज ने दिसंबर में टॉप पिक के तौर पर 16 शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। इनमें शामिल 7 लार्जकैप शेयरों को खरीदने की सलाह दी है, जो भारी रिटर्न दे सकते हैं। आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, वरुण बेवरेजेज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी और एचसीएल टेक्नोलॉजीज शामिल हैं। एक्सिस सिक्योरिटीज ने कहा कि इंडियन इकोनॉमी ग्रोथ के अनुकूल पोजीशन पर है। भारतीय इक्विटी आसानी से अगले 2-3 वर्षों में दोहरे अंकों में रिटर्न दे सकते हैं। ब्रोकरेज फर्म ने कहा, हमारा मानना है कि गठबंधन सरकार में राजनीतिक स्थिरता, अन्य उभरते बाजारों के मुकाबले जीडीपी वृद्धि दर में तेजी, स्थिर मानसून, स्थिर तेल कीमतें और अगले एक साल में दरों में 25 से 00 प्रतिशत की कटौती जारी रहेगी। अपने बेस केस में ऐक्सिस सिक्योरिटीज दिसंबर 2025 तक निफ्टी के 26,100 तक पहुंचने की उम्मीद कर रहा है। उसका मानना है कि बाजार का मौजूदा सेटअप बाय ऑन डिप्स है। अपने बुल केस में, ब्रोकरेज फर्म निफ्टी को 22× पर वैल्यू करती है, जो दिसंबर 2025 के 28,700 के लक्ष्य में तब्दील हो जाती है, जबकि इसका बेयर केस निफ्टी लक्ष्य 23,500 है।

# त्योहारी सीजन के बाद भी नहीं घटी एडिबल ऑयल की कीमत, सरकार ने हाथ खड़े किए?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एडिबल ऑयल यानी खाद्य तेल की कीमत में तेजी रुकने का नाम नहीं ले रही है। खुदरा बाजार में खाद्य तेल की कीमत ऊंचे स्तर पर बनी हुई है। सोयाबीन तेल की कीमत 160-70 रुपये लीटर तक पहुंच गई है। त्योहारी सीजन के दौरान खाद्य तेल की कीमत में काफी तेजी आई थी। इस दौरान पाम ऑयल की कीमत में अक्टूबर में 37 फीसदी उछाल देखने को मिली। इसी तरह सरसों का तेल 29 फीसदी, सोयाबीन तेल 23 फीसदी, सनफ्लावर ऑयल 23 फीसदी और मूंगफली का तेल चार फीसदी महंगा हुआ। माना जा रहा था कि त्योहारों के बाद खाद्य तेल की कीमतों में गिरावट आ सकती है। लेकिन नवंबर में कीमतों में कोई राहत नहीं मिली।

सीएनबीसी की एक रिपोर्ट में सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि खाद्य तेल की कीमत बढ़ने के कारणों पर उसका कोई कंट्रोल नहीं है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाद्य तेल की कीमत बढ़ रही है। साथ ही साउथईस्ट एशिया में पाम ऑयल सीजन कमजोर रहा है। सरकार ने अब तक आयात शुल्क में कटौती का फैसला नहीं किया है। घरेलू किसानों के फायदे के लिए सरकार ने खाद्य तेलों के आयात पर ड्यूटी बढ़ाई थी।



### क्यों बढ़ी कीमत

14 सितंबर को सरकार ने देश में तिलहन फसलों को बढ़ावा देने के लिए क्रूड और रिफाइंड एडिबल ऑयल पर आयात शुल्क बढ़ा दिया था। क्रूड पाम, सोयाबीन और सोयाबीन तेल पर ड्यूटी 5.5 फीसदी से बढ़ाकर 27.5 प्रतिशत कर दी थी जबकि रिफाइंड ऑयल पर ड्यूटी 13.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 35.7 प्रतिशत कर दी गई थी। अक्टूबर में सरकार ने खाद्य तेल की बढ़ती कीमत पर चिंता जताई थी। इसके बाद विभिन्न मंत्रालयों के बीच इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ाने के प्रभावों पर चर्चा हुई थी और उपभोक्ताओं को राहत देने के उपायों पर विचार-विमर्श हुआ।

माना जा रहा था कि अक्टूबर में सोयाबीन और मूंगफली की नई फसल के बाजार में आने से तेल की कीमत में गिरावट आएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भारत अपनी जरूरत का 58 प्रतिशत एडिबल ऑयल इम्पोर्ट करता है। सरकार सप्लाई में स्थिरता लाने और घरेलू बाजार को वैश्विक असर से बचाने के लिए तिलहन की खेती को प्रमोट कर रही है।

### सबसे तेज उछाल

नवंबर में वर्ल्ड फूड कमोडिटी प्राइजेज से जुड़ा बेंचमार्क में अप्रैल 2023 के बाद सबसे बड़ी उछाल देखने को मिली। फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन ने कहा खाद्य तेलों की कीमत बढ़ने के कारण ऐसा हुआ। साउथईस्ट एशिया में भारी बारिश के कारण पाम ऑयल में तेजी आई है। भारी मांग के कारण सोयाबीन के तेल की कीमत बढ़ी है जबकि टाइट सप्लाई के कारण बाकी तेलों की कीमत में तेजी आई है।

# महाराष्ट्र 1, गुजरात 2, यूपी 3... आईटीआर फाइल करने में महिलाएं भी पीछे नहीं, हर साल बढ़ रही संख्या

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने में महिलाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक कई राज्यों में हर साल महिलाओं की संख्या में इजाफा हो रहा है। इसके कारण सामने आए हैं। इनमें काम के बेहतर अवसर मिलना, भागीदारी बढ़ना, काम के प्रति स्वतंत्रता मिलना आदि शामिल हैं।

दुबई में करोड़ों रुपये की संपत्ति छिपाकर बैठे हैं भारतीय, इनकम टैक्स की जांच में खुला भेद टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक राज्यों के अनुसार रिटर्न फाइल करने में महाराष्ट्र की महिलाएं आगे रहीं। असेसमेंट ईयर 2023-24 के लिए महाराष्ट्र की 36.8 लाख महिलाओं ने इनकम टैक्स रिटर्न फाइल की। वहीं दूसरी स्थान पर गुजरात रहा। यहां से 22.5 लाख महिलाओं से आईटीआर फाइल किया। तीसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश है जहां से 20.4 लाख महिलाओं ने आईटीआर फाइल किया।



**दिल्ली की क्या स्थिति -** रिटर्न फाइल करने में दिल्ली की महिलाएं काफी पीछे रही हैं। असेसमेंट ईयर 2023-24 के लिए देश का राजधानी की 12.08 लाख महिलाओं ने आईटीआर फाइल किया। पिछले 5 वर्षों में रिटर्न फाइल करने के मामले में दिल्ली की महिलाओं की भागीदारी मात्र 11 फीसदी बढ़ी है।

### यूपी में आई जबरदस्त तेजी

पिछले 5 वर्षों में रिटर्न फाइल करने के मामले में यूपी की महिलाएं भी आगे रही हैं। असेसमेंट ईयर 2019-20 में 15.8 लाख महिलाओं ने रिटर्न फाइल की थी। वहीं 2023-24 में यह संख्या 29 फीसदी बढ़कर 20.4 लाख हो गई।

दूसरे स्थान पर कर्नाटक रहा। असेसमेंट ईयर 2023-24 के लिए यहां से 14.3 लाख महिलाओं ने रिटर्न फाइल की। यह आंकड़ा 5 साल पहले यानी 2019-20 के 11.3 लाख के मुकाबले 26 फीसदी ज्यादा है।

मौजूदा डेटा के मुताबिक रिटर्न फाइल करने के मामले में 5 वर्षों में सबसे ज्यादा तेजी तेलंगाना की महिलाओं में देखी गई। 5 वर्षों में इसमें 39 प्रतिशत की तेजी आई।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 10 दिसंबर, 2024



# बीबीएलः मेलबर्न स्टार्स ने एडम मिल्ने के साथ किया करार

प्रात : किरण/एजेंसी

मेलबर्न। मेलबर्न स्टार्स ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने को क्रिसमस से पहले बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने के लिए अनुबंधित किया है। वे पाकिस्तान के लेग स्पिनर उसामा मीर की जगह लेंगे, जो इस सीजन के पहले तीन मैचों में नहीं खेल पाएंगे। पिछले सीजन के अंत में ग्लेन मैक्सवेल के कप्तान बनने के बाद स्टार्स इस सप्ताह नए कप्तान की घोषणा करने वाले हैं। मैक्सवेल के 15 दिसंबर को पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ होने वाले पहले मैच के लिए फिट होने की संभावना नहीं है, क्योंकि वे अपनी हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे हैं और यह देखना बाकी है कि वे क्रिसमस से पहले होने वाले पहले तीन मैचों में से किसी में भी खेल पाएंगे या नहीं। मीर स्कॉर्चर्स, ब्रिसबेन हीट और एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ पहले तीन मैचों के लिए भी उपलब्ध नहीं हैं, जो पांच दिनों के अंतराल में तीन शहरों में खेले जाएंगे। स्टार्स ने उन तीन मैचों के लिए मिल्ने को टीम में शामिल किया है। वह इससे पहले 2020-21 में




सिडनी थंडर के लिए बीबीएल में खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 12 मैचों में 7.56 की इकॉनमी रेट से सिर्फ पांच विकेट लिए थे। मेलबर्न स्टार्स के महाप्रबंधक ब्लेयर क्राउच ने कहा, एडम जैसी प्रतिभा और अनुभव वाले किसी खिलाड़ी को टीम में शामिल करना पहले तीन मैचों के लिए टीम के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

एडम ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों को अच्छी तरह से जानता है, हम यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वह क्या कर सकता है। मिल्ने टेस्ट ड्यूटी पर मौजूद स्कॉट बोलैंड की अनुपस्थिति को भी कवर करेंगे। स्टार्स को कम से कम पर्थ में शुरूआती गेम के लिए ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर की कमी खल सकती है, क्योंकि वह 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में भारत के खिलाफ शुरू होने वाले तीसरे मैच के लिए टेस्ट टीम में बने रहने के लिए तैयार हैं। हीट के खिलाफ स्टार्स का दूसरा बीबीएल मैच तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन है, जिसका मतलब है कि वेबस्टर संभावित रूप से उपलब्ध हो सकते हैं यदि उन्हें मिशेल मार्श की फिटनेस के लिए टेस्ट टीम से रिलीज किया जाता है। स्टार्स को बीबीएल सीजन के शुरूआती तीन मैचों के लिए इंग्लैंड के टेस्ट ओपनर बेन डकेट की भी कमी खल रही है, क्योंकि वह न्यूजीलैंड में अपने टेस्ट कर्तव्यों को पूरा करेंगे, जो क्लार्क 2021-23 से दो सीजन खेलने के बाद स्टार्स में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए प्रतिस्थापन के रूप में तैयार हैं। क्लार्क ने पिछले सीजन में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए छह गेम और 2020 में स्कॉर्चर्स के लिए तीन गेम भी खेले। उन्होंने हाल ही में गुयाना में ग्लोबल सुपर लीग में विक्टोरिया के लिए खेला।

## संक्षिप्त खबरें

### शेफलर ने हीरो वर्ल्ड चैलेंज खिताब का बचाव किया, भाटिया चौथे स्थान पर रहे

अल्बानी । स्कॉटी शेफलर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आखिरी दौर में नौ अंडर 63 का स्कोर बनाकर हीरो वर्ल्डचैलेंज में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। अमेरिका के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी शेफलर ने रविवार को कुल 25-अंडर 263 (67, 64, 69, 63) के साथ खिताब अपने नाम किया। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने टॉम किम पर छह शॉट से जीत हासिल की जो अल्बानी गोल्फ क्लब में जीत का सबसे बड़ा अंतर है। दक्षिण कोरियाई किम अंतिम दौर में चार अंडर 68 और कुल 270 (74, 65, 62, 68) के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जस्टिन थॉमस ने 273 के कुल स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया (69) 15-अंडर के साथ चौथे और कीगन ब्रैडली (71) 14-अंडर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। भारतीय मूल के एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी साहिथ थीगाला (74) आठवें और भारतीय मूल के ब्रिटिश खिलाड़ी आरोन राय (70) संयुक्त 14वें स्थान पर रहे।

### न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के कोच बेन सॉयर का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ा

वेलिंगटन। बेन सॉयर ने न्यूजीलैंड महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में दो साल के विस्तार पर हस्ताक्षर किए हैं। नए सौदे के तहत सॉयर दिसंबर 2026 तक टीम के प्रभारी होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सोमवार को उक्त पुष्टि की।सॉयर को पहली बार जून 2022 में नियुक्त किया गया था और उनके नेतृत्व में टीम ने इस साल अक्टूबर में पहली बार टी20 विश्व कप जीता। अब उनके पास 2026 में इंग्लैंड में होने वाले टूनार्मेंट में खिताब बरकरार रखने का मौका होगा। सॉयर तब भी टीम की कमान संभालेंगे जब न्यूजीलैंड अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप को जीतने का प्रयास करेगा। एनजेडसी की महिला हाई परफॉरमेंस हेड लिज ग्रीन ने कहा, बेन के अगले दो साल के लिए टीम में शामिल होने से हम बहुत खुश हैं। उन्होंने इस समूह में बहुत अधिक विश्वास और भरोसा जगाया है और उन्हें अभी टीम में बनाए रखना बहुत बड़ी बात है, मौजूदा टीम और व्हाइट फर्न्स की दीर्घकालिक योजना दोनों के लिए। हमारे कई युवा खिलाड़ी जिन्होंने दो साल पहले बेन के पहले दौरे पर अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, वे अब बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जैसा कि हमने हाल ही में हुए टी20 विश्व कप में देखा। उस टूनार्मेंट के दौरान बहुत अधिक विकास हुआ, जो पिछले दो वर्षों में बेन और कोचों द्वारा किए गए प्रयासों का परिणाम है। न्यूजीलैंड की अगली श्रृंखला इस महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेली जाएगी, जिसमें 19, 21 और 23 तारीख को तीन एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे।

### मोहन बागान ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को 2-0 से हराया

गुवाहाटी। मोहन बागान सुपर जायंट ने दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की मदद से रविवार को यहां इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के मुकाबले में मेजबान नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को 2-0 से हरा दिया। मोहन बागान की तरफ से विंगर मनवीर सिंह ने 65वें और विंगर लिस्टन कोलासो ने 71वें मिनट में गोल किए। मोहन बागान के राइट-बैक आशीष राय को दोनों गोल में सहायता प्रदान करने और दाहिने छोर पर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के स्टार स्ट्राइकर अलाद्दीन अजारेई को मौका नहीं देने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस जीत से मोहन बागान 10 मैचों में सात जीत, दो ड्रा और एक हार से 23 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड की टीम 11 मैचों में चार जीत, तीन ड्रा और चार हार से 15 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर बनी हुई है।

### पीसीबी अब कड़ा रुख अपनाये : अफरीदी

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने कहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अब कड़ा रुख अपनाना चाहिये। अफरीदी ने कहा कि भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) अगर अपनी टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए नहीं भेजती तो हमें भी किसी आईसीसी टूनार्मेंट के लिए अपनी टीम नहीं भेजनी चाहिये। एक कार्यक्रम में अफरीदी ने कहा कि पीसीबी को क्रिकेट संबंधों पर कड़ा रुख अपनाना होगा। इसके साथ ही उसे मजबूत निर्णय लेने के लिए आत्मनिर्भर भी बनना पड़ेगा। उन्होंने कहा, ह्यपीसीबी को मजबूत और आत्मनिर्भर होने के साथ ही सैद्धांतिक फैसले भी लेने चाहिए। भारतीय टीम अगर पाकिस्तान में आकर नहीं खेल सकती है तो हमें भी भारत जाकर नहीं खेलना चाहिये। गौरतलब है कि चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी-मार्च के बीच पाकिस्तान में होने वाली है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के अपने मैच पाक में खेलने से इनकार कर दिया है और उसकी जगह पर टूनार्मेंट को हाइब्रिड मॉडल में कराने को कहा है जिससे पीसीबी सहमत नहीं है और उसने शर्त रखी है कि उसके भारत में होने वाले आईसीसी मुकाबले भी तटस्थ स्थल पर रखे जाने चाहिये।


अफरीदी ने कहा कि आईसीसी को भी अब यह तय करना है कि क्या वह केवल पैसा कमाना चाहता है या प्रत्येक सदस्य देश को क्रिकेट खेलने का पूरा अवसर देना चाहता है। अगर वह ऐसा नहीं करता तो ये विश्व क्रिकेट के लिए नुकसानदेह रहेगा।



## हरभजन ने बुमराह को मैक्ग्रा, वाल्श और एम्ब्रोस जैसा गेंदबाज बताया

नई प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सराहना करते हुए उन्हें ग्लेन मैक्ग्रा , कोर्टनी वाल्श और कर्टली एम्ब्रोस जैसा गेंदबाज बताया है। हरभजन ने कहा कि कहा, बुमराह रन नहीं देते और विकेट पर गेंदबाजी करते हैं जिससे उनकी गेंबाजी खेलना काफी मुश्किल होता है। वह विरोधियों को रन बनाने के अवसर नहीं देते जिसेस बल्लेबाज उनके खिलाफ गलतियां कर देते हैं। उन्होंने कहा कि , मैकग्राथ, वॉल्श और कर्टली एम्ब्रोस भी कुछ ऐसे ही गेंदबाज थे। उन्होंने बहुत अधि विकेट लिए और बुमराह भी यही कर रहे हैं। विकेट लेने की उनकी क्षमता के कारण उनका स्ट्राइक रेट भी कम है.बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए दोनो ही मैच में अच्छी गेंदबाजी की। पहले टेस्ट में बुमराह ने कुल 8 विकेट लिए थे। उसी कारण भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में जीत दर्ज करने में सफल रही। वहीं दूसरे टेसट में भी बुमराह ने पहली पारी में भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक 4 विकेट लिए थे। बुमराह इस साल टेस्ट में सबसे ज्यादा 52 विकेट विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।



## बोटाफोगो ने तीसरी बार जीता ब्राजीलियन सेरी ए खिताब

रियो डी जेनेरियो। ग्रेगोर के अंतिम क्षणों में किये गये गोल की मदद से बोटाफोगो ने रविवार को साओ पाउलो को 2-1 से हराकर तीसरी बार ब्राजीलियन सेरी ए खिताब जीतकर 29 साल का इंतजार खत्म किया। बोटाफोगो के लिए मैच के 37वें मिनट में जेफर्सन सावारिनो ने पहला गोल किया, इसके बाद विलियम गोम्स ने 63वें मिनट में साओ पाउलो को लिए गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। ग्रेगोर ने 92वें मिनट में एक गलत डिफेंसिव पास का फायदा उठाते हुए गोल किया। रियो डी जेनेरियो के ओलंपिक स्टेडियम में हुए इस परिणाम का मतलब था कि बोटाफोगो ने 79 अंकों के साथ सीजन का समापन किया, जो दूसरे स्थान पर मौजूद पाल्मेरास से छह अंक आगे था। यह आठ दिनों में बोटाफोगो के लिए दूसरी बड़ी ट्रॉफी थी, इससे पहले रियो की टीम ने ब्यूनस आयर्स में कोपा लिबटाडीरेस फाइनल में एटलेटिको मिनेरो को 3-1 से हराया था। बोटाफोगो के मैनेजर आर्टुर जॉर्ज ने कहा कि पिछले सीजन में मिली निराशा के बाद यह खिताब जीतना शानदार है। पिछली बार टीम ने पाल्मेरास से सीरी ए खिताब हारने के लिए 13 अंकों की बढ़त गंवा दी थी। पुर्तगाल के ब्रागा से अप्रैल में क्लब में शामिल हुए जॉर्ज ने स्पोर्टव से कहा, मैं बहुत खुश हूं, सिर्फ इसलिए नहीं कि हमने इस सीजन में अपने लक्ष्य हासिल किए हैं, बल्कि इसलिए भी कि खिलाड़ियों ने पिछले साल बहुत कुछ झेला।

## रदरफोर्ड का तूफानी शतक वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को हराया

बासेटेरे (सेंट किट्स एवं नेविस)। शेरफेन रदरफोर्ड की 80 गेंदों में 113 रन की तूफानी पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 14 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराया। रदरफोर्ड ने 47वें ओवर में सौम्य सरकार की गेंद पर नाहिद राणा को कैच थमाने से पहले अपनी पारी में आठ छक्के और सात चौके लगाए। वेस्टइंडीज ने उनकी इस पारी की मदद से 295 रन का लक्ष्य 47.4 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर दिया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 294 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। उसकी तरफ से कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 101 गेंदों में 74 रन बनाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज तनजीद हसन ने 60 रन बनाए जिसमें तीन छक्के और छह चौके शामिल हैं। महमुदुल्लाह ने 44 गेंदों में नाबाद 50 रन और जाकर अली ने 40 गेंदों में 48 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से रोमारियो शेफर्ड ने 51 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके जवाब में वेस्टइंडीज का स्कोर 23 ओवर के बाद तीन विकेट पर 100 रन था। कप्तान शाई होप जब 88 गेंदों में चार छक्कों की मदद से 86 रन बनाकर मेहदी की गेंद पर आउट हुए तो वेस्टइंडीज का स्कोर चार विकेट पर 193 रन हो गया।




## अगरकर के भरोसे पर खरे उतरे नितीश

मुंबई। भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने जिस प्रकार ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए ऑलराउंडर नितीश रेड्डी और तेज गेंदबाज हर्षित राणा को अवसर दिया। उसको लेकर शुरूआत में जहां कई लोगों ने हैरानी जतायी थी। वहीं कई ने इसे गलत बताया था। कुछ ने तो यहां तक कहा था कि शार्दुल ठाकुर जैसे अनुभवी ऑलराउंडर की जगह पर नितीश को शामिल कर गलती की गयी है। वहीं दूसरे टेस्ट के बाद ये साफ हो गया कि अगरकर की रणनीति सही थी। नितीश ने जिस प्रकार दोनो टेस्ट मैचों में बल्लेबाजी की है। उससे साबित हुआ है कि वह एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं। नितीश ने दोनो ही मैच में दबाव के बीच भी बेखौफ होकर बल्लेबाजी की। नितीश और हर्षित के ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुने जाने पर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं दिया था। चयन की चर्चा इसी बात पर केंद्रित रही कि दौरे पर आजिंग्य रहाणे और मोहम्मद शमी को भी जरुर होना चाहिए था। ये भी कहा गया कि नितीश और राणा का चयन आईपीएल में किये प्रदर्शन से प्रभावित होकर किया गया है। वहीं मुख्य कोच गौतम गंभीर ने तब नीतीश के चयन का समर्थन करते हुए कहा थाकि वह एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। वहीं नीतीश ने कहा था कि वह अवसर मिलने पर अपने को साबित करेंगे। वहीं राणा की बात करें तो उनकी गेंदों से मार्नस लैबुशेन जैसे बल्लेबाज भी बचने का प्रयास करते दिखे। पर्थ में आर अश्विन और रविंद्र जडेजा की जगह पर रेड्डी और राणा का चयन हुआ और दोनो ने ही अपनी प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया।



## सिराज अच्छा इंसान है, उसके पास कोहली की तरह दर्शकों में उत्साह भरने की क्षमता है : हेजलवुड

एडिलेड/एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड के साथ कहासुनी में उलझने के बाद मोहम्मद सिराज के आक्रामक तेवर चर्चा का विषय बने हुए है लेकिन जोश हेजलवुड ने भारत के इस तेज गेंदबाज को अच्छा इंसान करार देते हुए कहा कि वह खेल के प्रति जुनूनी है और उसके पास विराट कोहली की तरह दर्शकों में जोश भरने की क्षमता है। एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिराज ने दो बार आक्रामक भाव भंगिमा दिखायी। दिन-रात्रि प्रारूप में खेले गये इस मैच को भारत 10 विकेट से हार गया था। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में उन्होंने गेंद मार्नस लाबुशेन के पास फेंक दी थी। उनकी गेंदबाजी रन अप के दौरान लाबुशेन स्टंप छोड़ कर पीछे हट गये थे जिससे खफा होकर सिराज ने ऐसी प्रतिक्रिया दी। लाबुशेन साइट स्क्रीन के सामने किसी दर्शक के आने से क्रीज छोड़ने को मजबूर हुए थे। इसके अगले दिन वह इस मैच में शतकीय पारी खेलने वाले ट्रेविस हेड को बोल्ड करने के बाद उनके साथ कहासुनी में उलझ गये।

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज हेजलवुड ने कहा, वह अच्छे चरित्र वाले इंसान है और कभी-कभी उसे देखना अच्छा लगता है। जलवुड इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम में सिराज के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर चुके हैं। उन्होंने कहा, मैंने सिराज के साथ आरसीबी में अपने समय का वास्तव में लुत्फ उठाया। वह संभवतः कुछ हद तक भारतीय गेंदबाजी का नेतृत्व करता है। उसका व्यक्तित्व कुछ हद तक विराट जैसा है । वह बहुत भावुक है और उसमें दर्शकों में जोश भरने की क्षमता है। उसने पिछले कुछ वर्षो में आईपीएल में शानदार गेंदबाजी की है। हेजलवुड चोट के कारण एडिलेड टेस्ट मैच नहीं खेल सके थे। उन्होंने पहले टेस्ट मैच की शुरूआती पारी में कोहली को पांच रन पर आउट किया था। हेजलवुड ने भारत के इस दिग्गज बल्लेबाज के साथ होने वाली टक्कर के बारे में कहा, यह सिर्फ इस बात पर निर्भर करता है कि उस दिन कौन अच्छा प्रदर्शन करता है। अगर गेंद थोड़ी पुरानी हो जाये या गेंदबाजी अच्छी ना हो तो उसके लिए चीजें आसान हो जाती है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इस तरह के बहुत सारे मैच-अप (दो खिलाडियों की टक्कर) होते हैं। आप जानते हैं कि हमने एक-दूसरे के साथ और खिलाफ बहुत खेला है।

## पटना पाइरेट्स ने जयपुर पिंक पैंथर्स को हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचे

नई प्रात : किरण/एजेंसी

पुणे। जयपुर पिंक पैंथर्स के खिलाफ पटना पाइरेट्स का धांसू प्रदर्शन देखने को मिला है। सीजन के 99वें मैच में पटना ने 38-28 की स्कोरलाइन से मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ तालिका में पटना की टीम दूसरे स्थान पर आ गई है। देवांक दलाल ने 14 अंक हासिल किये। पटना के डिफेंस का इस कदर बोलबाला रहा, 17 रेड में अर्जुन देसवाल को सिर्फ7 अंक लेने दिए। साथ ही जयपुर का डिफेंस भी नहीं चला। उसके खाते में 12 के मुकाबले




सिर्फ पांच अंक आए। रेड में भी पटना ने 16 के मुकाबले 22 अंक लेकर इस सीजन में जयपुर को दूसरा बार हराकर अपना दबदबा कायम किया। शुरूआत में जयपुर ने लीड हासिल की थी। इसके बाद पटना ने भी अपना जोर लगाया। डिफेंस और रेडिंग विभाग ने मिलकर अपना काम किया। हालांकि पटना की टीम का काम ऑल आउट होने से खराब हो गया। पहले हाफ में जयपुर ने 18-12 की बढ़त बना ली। हाफटाइम के बाद पटना ने अर्जुन और विकास का शिकार कर लगातार चार अंक के साथ फासला 2 का कर दिया। इसके बाद अयान ने सुरजीत और देवांक ने रेजा का शिकार कर जयपुर को आलआउट की ओर धकेल दिया। फिर आलआउट लेते हुए पटना ने 21-20 की लीड ले ली। जल्द ही पटना ने लीड 4 की कर ली। इस बीच नीरज ने डू ओर डाई रेड पर अयान का शिकार कर स्कोर 21-24 कर दिया। फिर लकी ने देवांक का भी शिकार कर लिया। अब 10 मिनट बचे थे और पटना 24-22 से आगे थे। ब्रेक के बाद भी पटना ने दो अंक लेकर चार अंक की लीड ले ली। इसी बीच अंकित ने हाई-5 पूरा किया। इस बीच दीपक ने अर्जुन को लपक लिया। अब जयपुर के लिए सुपर टैकल आन था। 12वें असफल टैकल के साथ जयपुर आलआउट हुए और पटना ने 32-24 की लीड ले ली। साथ ही देवांक ने सुपर-10 पूरा किया।

टेस्ट

**भारत के पहले टेस्ट में 295 रन से जीत दर्ज करने के बाद मेजबान टीम की बल्लेबाजी में सुधार का दारोमदार लाबुशेन और स्टीव स्मिथ जैसे अनुभवी बल्लेबाजों पर था।**

# लाबुशेन को एडीलेड में मामूली तकनीकी बदलाव का फायदा मिला

नई दिल्ली/एजेंसी

एडीलेड, एजेंसी। टीम में अपनी जगह बचाए रचने के लिए जूझ रहे मार्नस लाबुशेन ने अपनी बल्लेबाजी में मामूली बदलाव किए जिसका उन्हें फायदा मिला और उन्होंने भारत के खिलाफ यहां दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की आसान जीत के दौरान 64 रन की उपयोगी पारी खेली।

भारत के पहले टेस्ट में 295 रन से जीत दर्ज करने के बाद मेजबान टीम की बल्लेबाजी में सुधार का दारोमदार लाबुशेन और स्टीव स्मिथ जैसे अनुभवी बल्लेबाजों पर था। लाबुशेन अधिक दबाव में थे क्योंकि क्रीज पर पर्याप्त समय बिताने के बावजूद वह रन नहीं बना पा रहे थे।

पर्थ में पहले टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने 52 गेंद में दो रन बनाए जबकि दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंद पर वह पगबाधा हुए।टीम में अपनी जगह को लेकर हो रही आलोचना को नजरअंदाज करते हुए लाबुशेन ने अपनी बल्लेबाजी पर काम किया और दूसरे टेस्ट में उन्हें इसका फायदा मिला। उन्होंने गुलाबी गेंद के दूसरे टेस्ट में बुमराह और उनके साथियों के बेहद दबाव बनाने के बावजूद रन बनाने का तरीका ढूंढ लिया।

लाबुशेन ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, पर्थ टेस्ट के अंत तक मुझे पता था कि मैं गेंद की तरफ मूव नहीं कर रहा हूं। मैं जिस तरह खेल रहा था उसे लेकर मुझे काफी चीजें पसंद नहीं थी।

उन्होंने कहा, इसका सकारात्मक पक्ष यह था कि मैं जिस तरह खेल रहा था और मेरी जो तकनीक थी उसके बावजूद मैं लगभग 60 गेंद खेलने में सफल रहा। मुझे हल ढूंढने की अपनी क्षमता पर भरोसा था। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा, मैंने पूरे हफ्ते प्रयास किया और विभिन्न चीजों पर काम किया, पता करने की कोशिश की कि यह काम कर रही है या नहीं। इसमें बदलाव करता रहा जब तक कि मुझे वह नहीं मिल गया जिसकी जरूरत थी। लाबुशेन ने एडीलेड टेस्ट से पहले किए गए बदलावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, 10 दिन के ब्रेक का मतलब था गेंद को फिर से बल्ले के बीच से खेलने का प्रयास करना, गेंद की लाइन में अच्छी तरह से आना और यह पता लगाना कि मैं कहां चूक रहा हूं।

लाबुशेन ने कहा, मैं नौ दिन तक लगातार बल्लेबाजी कर रहा था, बस उस स्थिति में वापस आने का रास्ता खोज रहा था जहां मैं पहुंचना चाहता था। उन्होंने कहा, यही वह यात्रा थी जिसकी शुरूआत मैंने मंगलवार को की थी और मैं यह सुनिश्चित करना चाहता था कि जब मैं एडीलेड पहुंचू तो मैं इस स्थिति में रहूं कि मैं इस पर भरोसा कर सकूं और मैदान पर जाकर खेल सकूं।

लाबुशेन ने कहा कि उन्होंने गेंद फेंके जाने से पूर्व के तरीकों को बदलने पर भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, मैंने जो चीजें बदलीं, वे गेंद फेंके जाने से पहले की थीं। मैंने पिछले चार या पांच वर्षों में कई अलग-अलग तरीकों से बल्लेबाजी की है इसलिए मेरे लिए यह इस बारे में था कि मैं किस तरीके से खेलना चाहता हूं और इसे अपने नए रुख के साथ फिर से जोड़ना चाहता हूं।



भारत के पहले टेस्ट में 295 रन से जीत दर्ज करने के बाद मेजबान टीम की बल्लेबाजी में सुधार का दारोमदार लाबुशेन और स्टीव स्मिथ जैसे अनुभवी बल्लेबाजों पर था। लाबुशेन अधिक दबाव में थे क्योंकि क्रीज पर पर्याप्त समय बिताने के बावजूद वह रन नहीं बना पा रहे थे। पर्थ में पहले टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने 52 गेंद में दो रन बनाए जबकि दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंद पर वह पगबाधा हुए।टीम में अपनी जगह को लेकर हो रही आलोचना को नजरअंदाज करते हुए लाबुशेन ने अपनी बल्लेबाजी पर काम किया और दूसरे टेस्ट में उन्हें इसका फायदा मिला। उन्होंने गुलाबी गेंद के दूसरे टेस्ट में बुमराह और उनके साथियों के बेहद दबाव बनाने के बावजूद रन बनाने का तरीका ढूंढ लिया। लाबुशेन ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, पर्थ टेस्ट के अंत तक मुझे पता था कि मैं गेंद की तरफ मूव नहीं कर रहा हूं। मैं जिस तरह खेल रहा था उसे लेकर मुझे काफी चीजें पसंद नहीं थी।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ढाका पहुंचे

ढाका। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री भारत और बांग्लादेश के बीच पहली उच्चस्तरीय बैठक के लिए आज सुबह ढाका पहुंचे। वो आज अपने बांग्लादेशी समकक्ष मोहम्मद जसीम उद्दीन के साथ बैठक करेंगे। यह जानकारी द डेली स्टार समाचार पत्र ने दी। राजनयिक सूत्रों ने पुष्टि की कि मिस्री और अन्य अधिकारियों को लेकर भारतीय वायु सेना की एक विशेष उड़ान सुबह लगभग 9:00 बजे ढाका हवाई अड्डे पर उतरी। विक्रम मिस्री और बांग्लादेश के विदेश सचिव जशीम उद्दीन सुबह 11:00 बजे राज्य अतिथि गृह में मिलेंगे। मिस्री का आज रात ढाका से प्रस्थान करने से पहले राज्य अतिथि गृह जमुना में मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस से मिलने का कार्यक्रम है। उम्मीद है कि बैठक में पांच अगस्त को जन विद्रोह के माध्यम से अवामी लीग सरकार को उखाड़ फेंकने के बाद उभरे द्विपक्षीय संबंधों में तनाव को कम करने पर चर्चा होगी।

### द. कोरिया की पुलिस राष्ट्रपति यून की विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने का विचार कर रही है

सियोल। दक्षिण कोरिया की पुलिस पिछले सप्ताह देश में ह्यमार्शल लॉह्ल लागू करने के कारण राष्ट्रपति यून सूक येओल की विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने का विचार कर रही है। दक्षिण कोरिया की प्रमुख योनहाप समाचार एजेंसी ने इस बारे में खबर दी। खबर में कहा गया है कि पुलिस, यून के देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगाने का विचार कर रही है क्योंकि वे पिछले सप्ताह यून द्वारा लगाए गए मार्शल लॉ की जांच कर रहे हैं। इस बारे में टिप्पणी को लेकर पुलिस से संपर्क नहीं हो सका। दक्षिण कोरिया के अभियोजकों ने रविवार को पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग ह्युन को हिरासत में ले लिया था, जिन्होंने कथित तौर पर पिछले सप्ताह यून से अल्पकालिक लेकिन चौंकाने वाले मार्शल लॉ लगाने की सिफारिश की थी। इस प्रकार, वह इस मामले में हिरासत में लिए गए पहले व्यक्ति हैं। यून रविवार को संसद में विपक्ष द्वारा उनके खिलाफ महाभियोग चलाए जाने के प्रयास से बच गए, क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी के अधिकांश सांसदों ने मतदान का बहिष्कार किया।

### रूस की कोयला खदान में आग लगने के बाद 120 लोगों को निकाला गया: आपात मंत्रालय

मास्को। रूस के केमेरोवो क्षेत्र में अलारडिंस्काया कोयला खदान में आग लगने के बाद 120 लोगों को निकाला गया है। यह जानकारी रूसी आपातकालीन मंत्रालय (ईएमईआरकॉम) ने टेलीग्राम पर दी। मंत्रालय ने कहा, कुजबास में अलारडिंस्काया खदान से खनिकों को निकाला गया। केमेरोवो क्षेत्र में एक कोयला खदान में आग लग गई। रूसी आपातकालीन मंत्रालय के कर्मचारियों ने 120 लोगों को बचाया, दो घायल लोगों को डॉक्टरों को सौंप दिया। मंत्रालय ने कहा कि उसके 44 कर्मचारी और नौ उपकरण घटनास्थल पर काम कर रहे हैं।

### सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति और उनके परिवार को क्यों दी गई रूस में शरण ? क्रेमलिन ने बताई वजह

मॉस्को। सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद और उनका परिवार देश से भागने के बाद मॉस्को पहुंच गए हैं। रूसी मीडिया ने शीर्ष अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। बता दें रूस ने सीरियाई गृह युद्ध में असद का साथ दिया था। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी तास ने एक क्रेमलिन के सूत्र के हवाले से जानकारी दी कि असद और उनका परिवार मॉस्को पहुंच चुका है और मानवीय कारणों से रूस ने उन्हें शरण दी है। सूत्र ने कहा, रूस ने हमेशा सीरियाई संकट के राजनीतिक समाधान के पक्ष में बात की है।

### सूडान की राजधानी में ईंधन स्टेशन पर बमबारी में 28 की मौत, 37 घायल

खार्तूम, एजेंसी। सूडान की राजधानी खार्तूम के दक्षिण में एक ईंधन स्टेशन पर हुई बमबारी में कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और 37 लोग घायल हो गए। यह जानकारी एक स्वयंसेवी समूह और स्थानीय मीडिया ने दी। रविवार को एक स्थानीय स्वयंसेवी समूह साउथ खार्तूम इमरजेंसी रूम ने बताया कि मायो इलाके के पास नए मार्केट 6 में स्थित अमोनिया ईंधन स्टेशन पर बम गिराया गया। यह बशीर हॉस्पिटल के उत्तर में स्थित है और इससे भारी जान-माल का नुकसान हुआ। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, घायलों में 29 झुलसने के मामले शामिल हैं, जिनमें से 3 गंभीर रूप से झुलसे हैं। इसके अलावा, 8 लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद चिकित्सा सेवाएं प्रभावित लोगों की मदद में जुटी हुई हैं।

# भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव के बीच विदेश सचिव मिसरी ढाका की यात्रा पर पहुंचे

प्रात: किरण/ एजेंसी

ढाका। विदेश सचिव विक्रम मिसरी सोमवार को एक दिवसीय यात्रा पर बांग्लादेश पहुंचे। अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के अपदस्थ होने के बाद भारत की ओर से यह पहला उच्चस्तरीय दौरा है। मिसरी की यह यात्रा हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर नई दिल्ली और ढाका के बीच संबंधों में बढ़ते तनाव के बीच हो रही है। मिसरी अपने बांग्लादेशी समकक्ष मोहम्मद जशीमुद्दीन के साथ व्यापक वार्ता कर सकते हैं। उनका बांग्लादेश के कार्यवाहक विदेश मंत्री मोहम्मद तौहीद हुसैन से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है। माना जा रहा है कि वह हिंदुओं पर हमलों को लेकर भारत की चिंताओं को ढाका के समक्ष उठाएंगे।



अगस्त में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के चलते हसीना को देश छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था, जिसके बाद भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधों तनाव में आ गया।

हसीना के भारत में शरण लेने के कुछ दिनों बाद ही यूनुस ने अंतरिम सरकार की बागडोर संभाली थी। हालिया हफ्तों में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों और हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद दोनों देशों के संबंध और भी तनावपूर्ण हो गए। पिछले कुछ हफ्तों में पड़ोसी देश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं के साथ-साथ मंदिरों पर हमलों की घटनाएं हुई हैं, जिसे लेकर नई दिल्ली द्वारा गहरी चिंता जताई गई है।

# नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने सभी अवैध प्रवासियों को उनके देश वापस भेजे जाने पर जोर दिया

**ट्रंप की यह पहल कानूनी रूप से अमेरिका आने वाले अधिकतर भारतीयों के लिए मददगार साबित हो सकती है। एनबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उनकी योजना यहां अवैध रूप से रह रहे सभी लोगों को उनके देश वापस भेजने की है, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि ऐसा करना होगा।**

प्रात: किरण/ एजेंसी


वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह ओवल ऑफिस (राष्ट्रपति का औपचारिक कार्यस्थल) में प्रवेश करने के बाद अवैध तरीके से देश में रह रहे सभी प्रवासियों को उनके देश वापस भेजे जाने की योजना को आगे बढ़ाएंगे और साथ ही उन्होंने कहा कि वह लोगों के लिए यहां आना आसान करेंगे। ट्रंप की यह पहल कानूनी रूप से अमेरिका आने वाले अधिकतर भारतीयों के लिए मददगार साबित हो सकती है।



एनबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उनकी योजना यहां अवैध रूप से रह रहे सभी लोगों को उनके देश वापस भेजने की है, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि ऐसा करना होगा। ट्रंप ने कहा, आपके पास नियम, विनियम, कानून होने चाहिए। वे अवैध रूप से यहां आए हैं, जो उन लोगों के साथ बहुत गलत व्यवहार है जो लोग वैध तरीके से देश में आने के लिए 10 साल से इंतजार कर रहे हैं। हम लोगों के लिए अमेरिका आना बहुत आसान बनाने जा रहे हैं, उन्हें इसके लिए परीक्षा से गुजरना होगा। वे यह बताने में सक्षम होने चाहिए कि स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी क्या है। उन्हें देश के बारे में थोड़ी जानकारी होनी चाहिए और उन्हें हमारे देश से प्यार करना होगा। उन्होंने कहा, पिछले तीन सालों में हमारे देश में 13,099 हत्यारे रिहा हुए हैं। वे सड़कों पर घूम रहे हैं और वे बहुत खतरनाक हैं। आप ऐसे लोगों को इस देश में नहीं चाहते। हमें अपराधियों को अपने देश से बाहर निकालना होगा।

## असद शासन का पतन सीरिया के लोगों के लिए ऐतिहासिक अवसर : बाइडन

प्रात: किरण/ एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को कहा कि सीरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के शासन का पतन देश के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है क्योंकि असन शासन ने बीते 50 साल में हजारों निर्दोष सीरियाई लोगों के साथ क्रूरता की, उन्हें प्रताड़ित किया और उनकी जान ली।

कई वर्षों के हिंसक गृहयुद्ध और बशर अल-असद एवं उनके परिवार के दशकों के नेतृत्व के बाद विद्रोही समूहों के देश पर कब्जा कर लिया जिसके कुछ घंटों बाद बाइडन ने व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) में यह बात कही। बाइडन ने कहा, सीरिया में 13 साल के गृहयुद्ध और बशर असद तथा उनके पिता के करीब आधी सदी से अधिक समय तक क्रूर तानाशाहीपूर्ण शासन के बाद विद्रोही ताकतों ने असद को अपने पद से इस्तीफा देने एवं देश से भागने पर मजबूर कर दिया। हमें मालूम नहीं है कि वह कहां है, लेकिन ऐसी खबरें हैं कि वह रूस की राजधानी मॉस्को में है। आखिरकार, असद शासन का पतन हो गया। उन्होंने कहा, इस शासन ने सैकड़ों हजारों निर्दोष सीरियाई लोगों पर अत्याचार किया, उन्हें प्रताड़ित किया और उनकी जान ली। इस शासन का पतन न्याय का एक मौलिक कार्य है। यह सीरिया में लंबे समय से पीड़ित लोगों के लिए अपने गौरवशाली देश का बेहतर भविष्य बनाने का ऐतिहासिक अवसर है।

बाइडन ने कहा कि यह जोखिम और अनिश्चितता का भी समय है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में हिज्बुल्ला, ईरान और रूस का असद शासन को समर्थन खत्म हो गया है। वह इस पूरे घटनाक्रम को सीरिया के लोगों के लिए अब एक नए अवसर के रूप में देख रहे हैं। असद को सत्ता से बेदखल करने वाले सीरियाई विपक्ष का नेतृत्व ह्यहयात तहरीर अल-शामह्ल करता है। अमेरिका हयात तहरीर अल-शामको एक आतंकवादी संगठन मानता है जिसका संबंध अल-कायदा से है। हालांकि, समूह का कहना है कि उसने अल-कायदा से संबंध तोड़ लिए हैं।

# ईरान के पास है परमाणु बम बनाने की पर्याप्त सामग्री, डीएनआई रिपोर्ट से हड़कंप

**अमेरिका के नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर (डीएनआई) की रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएस इंटेलिजेंस से जुड़े लोग इससे चिंतित हैं कि ईरान परमाणु हथियारों के उत्पादन की ओर बढ़ रहा है। रिपोर्ट में अमेरिकी सरकार को चेताया गया है कि ईरान के पास परमाणु बम बनाने की पर्याप्त सामग्री मौजूद है।**

प्रात: किरण/ एजेंसी

वॉशिंगटन,एजेंसी। अमेरिका ने एक बार फिर ईरान के परमाणु हथियार बनाने की तरफ इशारा किया है। अमेरिका के नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर (डीएनआई) की रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएस इंटेलिजेंस से जुड़े लोग इससे चिंतित हैं कि ईरान परमाणु हथियारों के उत्पादन की ओर बढ़ रहा है। रिपोर्ट में अमेरिकी सरकार को चेताया गया है कि ईरान के पास परमाणु बम बनाने की पर्याप्त सामग्री मौजूद है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के पास एक दर्जन से ज्यादा परमाणु हथियार बनाने की सामग्री है। हालांकि ईरान अभी तक परमाणु बम बनाने पर आगे नहीं बढ़ा है। रिपोर्ट में कहती है, खुफिया समुदाय का आकलन है कि सितंबर 2024 तक ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा है लेकिन उसने ऐसी गतिविधियां की हैं, जो उसे हथियार बनाने के लिए बहुत अच्छी स्थिति में रखती हैं। एक अन्य रिपोर्ट में इस साल मई से सितंबर तक ईरान की परमाणु गतिविधियों और क्षमताओं के बारे में बताया गया है। डीएनआई ने कहा है कि ईरान के पास कई भूमिगत सुविधाओं पर हथियार-ग्रेड यूरेनियम का उत्पादन करने के लिए बुनियादी ढांचा और अनुभव है। यह उसके परमाणु हथियार विकसित करने की विश्वसनीयता को बढ़ाता है। रिपोर्ट में ईरान के पास बैलिस्टिक मिसाइलों की खेप की बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान ने 20 फीसदी और 60 फीसदी समृद्ध यूरेनियम के अपने भंडार में वृद्धि जारी रखी है। यह स्तर नागरिक ऊर्जा कार्यक्रम के लिए जरुरी मात्रा से कहीं अधिक है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि ईरान अपने हथियार-ग्रेड यूरेनियम के भंडार को तेजी से बढ़ा रहा है। ईरान ने हमेशा परमाणु हथियार मांगने से इनकार किया है। ईरान का कहना है कि उसका अंतरिक्ष कार्यक्रम और परमाणु गतिविधियां नागरिक उद्देश्यों के लिए हैं। वहीं अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ईरान ने नागरिक जरुरत से परे अपने परमाणु कार्यक्रम को विकसित करना जारी रखा है। इजराइल का दावा है कि ईरान ने अपना परमाणु हथियार कार्यक्रम जारी रखा है। इजराइल और अमेरिका से ईरान की सालों पुरानी तनातनी रही है।



## दक्षिण कोरिया : मालवाहक जहाज से टकराकर पलटी मछली पकड़ने वाली नाव, 7 की मौत

प्रात: किरण/ एजेंसी

ग्योंगजू/सोल,एजेंसी। दक्षिण-पूर्वी तट पर सोमवार को एक मछली पकड़ने वाली नाव मालवाहक जहाज से टक्कर के बाद पलट गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति लापता है। तटरक्षक बल ने यह जानकारी दी। 29 टन वजनी ग्यूमग्वांग पर चालक दल के आठ सदस्य सवार थे। मछली पकड़ने वाली यह शिप 456 टन वजनी मालवाहक जहाज से टकराकर सुबह 5:43 बजे (स्थानीय समय) सोल से लगभग 270 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में ग्योंगजू के निकट समुद्र में पलट गई। तटरक्षक बल के अनुसार, सात चालक दल के सदस्य झ तीन दक्षिण कोरियाई और चार विदेशी नागरिक झ हृदयाघात की स्थिति में नाव के अंदर पाए गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

## बेटे पर जादू-टोना किए जाने के शक में गैंग लीडर ने 110 लोगों को मौत के घाट उतारा

प्रात: किरण/ एजेंसी

पोर्ट-ऑ-प्रिंस, एजेंसी। हैती के सिटे सोलेइल स्लम में वीकेंड में कम से कम 110 लोगों की हत्या कर दी गई। एक प्रमुख मानवाधिकार समूह ने बताया कि एक गैंग लीडर ने बुजुर्गों को निशाना बनाया क्योंकि उसे शक था कि इन लोगों ने जादू-टोना करके उसके बच्चे को बीमार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गैंग लीडर मोनेल मिकानो फेलिक्स ने अपने विव अंसनम ग्रुप के साथ मिलकर इस नरसंहार को अंजाम दिया। नेशनल ह्यूमन राइट डिफेंस नेटवर्क (आरएनडीडीएच) ने कहा कि जब फेलिक्स का बच्चा बीमार हो गया, तो उसने एक वूडू पुजारी से इस संबंध में बात की। पुजारी ने क्षेत्र के बुजुर्ग लोगों पर जादू-टोने के जरिए बच्चे को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया, जिससे भड़क कर फेलिक्स ने नरसंहार का आदेश दे दिया। बयान में कहा गया कि गैंग के सदस्यों ने शुक्रवार को कम से कम 60 लोगों और शनिवार को 50 लोगों की हत्या चाकू और कुल्हाड़ियों से की। मृतकों में से सभी की उम्र 60 वर्ष से अधिक थी। सिटे सोलेइल राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस के बंदरगाह के पास एक घनी आबादी वाली बस्ती है।

## रक्षा मंत्री की रूस यात्रा, नौसेना के नए युद्धपोत 'आईएनएस तुशील' के कमिशनिंग समारोह में होंगे शामिल

प्रात: किरण/ एजेंसी

मॉस्को, एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार (9 दिसंबर) को रूस में नौसेना के नवीनतम, बहुउद्देश्यीय, स्टील्थ-गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट (युद्धपोत) आईएनएस तुशीलका जलावतरण करेंगे। रक्षा मंत्री कलिनिनग्राद के यंत्र शिपयार्ड में युद्धपोत, परियोजना 1135.6 के तहत एक उन्नत ह्यक्रिवाक क्ल्क श्रेणी फ्रिगेट का जलावतरण करेंगे। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, भारत और रूस वरिष्ठ अधिकारी भी इस दौरान उपस्थित रहेंगे। रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, रक्षा मंत्री 8-10 दिसंबर तक रूस की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे।

राजनाथ सिंह और रूसी रक्षा मंत्री आंद्रे बेलौसोव 10 दिसंबर को मास्को में सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग (आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी) की 21वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। दोनों नेता रक्षा के क्षेत्र में भारत-रूस के बीच बहुआयामी संबंधों की समीक्षा करेंगे। वे आपसी हितों के समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। इसके अलावा, राजनाथ सिंह दूसरे विश्व युद्ध के दौरान मारे गए सोवियत सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मॉस्को में अज्ञात सैनिक की समाधि/द टॉम्ब ऑफ अननोन सोल्जर पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।



वह भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत करेंगे। क्रिवाक श्रेणी के छह युद्धपोत पहले से ही सेवा में हैं। इनमें सेंट पीटर्सबर्ग के बाल्टिस्की शिपयार्ड में निर्मित तलवार श्रेणी के तीन जहाज और कैलिनिनग्राद के यंतर शिपयार्ड में निर्मित टेग श्रेणी के तीन जहाज शामिल हैं। आईएनएस तुषिल इस सीरिज का सातवां और दो अपग्रेडेड एडीशनल फॉलोऑन जहाजों में से पहला होगा। इसके लिए भारत सरकार और नौसेना ने अक्टूबर 2016 में जेएससी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे।

अधिकारियों ने बताया कि 125 मीटर लंबा और 3,900 टन वजनी यह जहाज घातक है। इसमें युद्धपोत निर्माण की सर्वोत्तम पद्धतियों के अलावा रूसी और भारतीय अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का प्रभावशाली मिश्रण है। पोस्ट कंस्ट्रक्शन और तैयार होने के बाद, जनवरी 2024 से जहाज को कई परीक्षणों से गुजराना पड़ा है। इसमें फैक्ट्री समुद्री परीक्षण, राज्य समिति परीक्षण और अंत में, एक भारतीय एक्सपर्ट टीम द्वारा डिलीवरी स्वीकृति परीक्षण शामिल है। परीक्षण के दौरान, जहाज ने 30 नॉट (55 किमी प्रति घंटे) से अधिक की प्रभावशाली गति दर्ज की। यह लगभग युद्ध के लिए तैयार स्थिति में भारत पहुंचेगा।

नौसेना के एक अधिकारी के अनुसार, तुशील नाम का अर्थ है सुरक्षा कवच और इसका शिखर अभेद्य कवच (अभेद्य कवच) का प्रतिनिधित्व करता है। अपने आदर्श वाक्य निर्भय, अभेद्य और बलशील के साथ, यह जहाज देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। भारतीय नौसेना एक्सपर्ट्स और सेवर्नोय डिजाइन ब्यूरो के सहयोग से, जहाज की स्वदेशी सामग्री को 26 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है।

**गृहयुद्ध** — सऊदी अरब ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से सीरिया के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप किए बिना उसके साथ खड़े होने का आह्वान किया।

# संयुक्त राष्ट्र ने कहा-अब सीरिया के पास बेहतर भविष्य का अवसर

नई दिल्ली, एजेंसी

दमिश्क, एजेंसी। सीरिया में लंबे सशस्त्र संघर्ष के बाद राष्ट्रपति बशर अल-असद के शासन के पतन पर संयुक्त राष्ट्र ने खुशी जताई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने तानाशाही शासन के अंत का स्वागत किया। उन्होंने कहा, 14 साल के क्रूर युद्ध और तानाशाही शासन के अंत के बाद सीरियाई लोगों के पास एक स्थिर और शांतिपूर्ण भविष्य बनाने का ऐतिहासिक अवसर है। अरबी न्यूज वेबसाइट +963 ने सीरिया के बदले घटनाक्रम पर क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया को तरजीह दी है। वेबसाइट के अनुसार, अल-कायदा समर्थित आतंकवादी समूह हयात तहरीर अल-शाम और तीन विपक्षी गुटों ने रविवार भोर राजधानी राजधानी दमिश्क पर नियंत्रण कर राष्ट्रपति को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया।



सऊदी अरब सीरिया के नागरिकों की पसंद के साथ सऊदी अरब ने सीरियाई लोगों की सुरक्षा के लिए उठाए गए सकारात्मक कदमों पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। उसने जोर देकर कहा कि वह इस महत्वपूर्ण अवसर पर सीरियाई लोगों और उनकी पसंद के साथ खड़ा है। सऊदी अरब ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से सीरिया के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप किए बिना उसके साथ खड़े होने का आह्वान किया। बेल्जियम ने कहा-अच्छा हुआबेल्जियम के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सीरिया में अच्छा हुआ कि असद के अंसवैधानिक शासन का अंत हो गया। सीरिया के भविष्य के लिए एक शांतिपूर्ण राजनीतिक प्रक्रिया का होना महत्वपूर्ण है। मंत्रालय ने आग्रह किया कि सीरिया के लोगों के साथ न्याय हो। गुटेरेस ने कहा- यह ऐतिहासिक अवसर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सीरिया में तानाशाही शासन के अंत का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 14 साल के क्रूर युद्ध और तानाशाही शासन के अंत के बाद सीरियाई लोगों के पास एक स्थिर और शांतिपूर्ण भविष्य बनाने का ऐतिहासिक अवसर है।

यूरोपीय आयोग ने कहा-महत्वपूर्ण परिवर्तनयूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने सीरिया के घटनाक्रम को ऐतिहासिक परिवर्तन बताया। लेकिन चेतावनी दी कि यह जोखिम से खाली नहीं है। उन्होंने सीरिया के पुनर्निर्माण में योगदान देने और अल्पसंख्यकों की रक्षा करने का वादा किया गया। इराक ने कहा-वह आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगाइराक सरकार के प्रवक्ता बसेम अल-अवदी ने कहा कि उनका देश सीरिया की स्थिति के घटनाक्रम पर नजर रख रहा है। उन्होंने कहा हम सीरिया के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने या किसी अन्य के लाभ के लिए एक पार्टी का समर्थन नहीं करने के महत्व को दोहराते हैं।

ईरान ने संवाद शुरू करने का आह्वान किया ईरानी विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि ईरान, सीरिया की एकता और राष्ट्रीय संप्रभुता का सम्मान करता है और सीरियाई समाज के सभी वर्गों के साथ सैन्य संघर्षों को शीघ्र समाप्त करने, आतंकवादी कृत्यों की रोकथाम और एक राष्ट्रीय संवाद शुरू करने का आह्वान करता है। तेहरान ने पुष्टि की कि वह राजनीतिक प्रक्रिया का पालन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय तंत्र का समर्थन करना जारी रखेगा। जॉर्डन का संघर्ष से बचने का आग्रहकिंग अब्दुल्ला द्वितीय ने सीरियाई लोगों की पसंद के प्रति जॉर्डन के सम्मान की पुष्टि की। रॉयल हाशमाइट कोर्ट ने एक बयान में कहा कि किंग अब्दुल्ला ने सीरिया में सभी पक्षों से किसी भी संघर्ष से बचने का आग्रह किया जिससे अराजकता हो सकती है, और अपने देश के उत्तरी पड़ोसी में सुरक्षा की रक्षा करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इजराइल ने कहा-असद का पतन ऐतिहासिक घटना इजराइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने असद के पतन को ऐतिहासिक दिन कहा। उन्होंने कहा कि यह लेबनानी हिजबुल्लाह और ईरान के खिलाफ इजराइल के हमलों का प्रत्यक्ष परिणाम है। उन्होंने कहा, हम अपनी सीमाओं पर किसी भी शत्रुतापूर्ण ताकत को तैनात नहीं होने देंगे।

फ्रांस ने कहा-बर्बर राज्य का आखिरकार पतन हो गयाफ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने एक्स पर कहा, बर्बर राज्य का आखिरकार पतन हो गया। मैं सीरियाई लोगों, उनके साहस और उनके धैर्य को सलाम करता हूं। अनिश्चितता के इस समय में मैं उनके लिए शांति, स्वतंत्रता और एकता की कामना करता हूं। फ्रांस मध्य पूर्व में सभी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कतर ने संरा सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का हवाला दिया कतर के विदेश मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव संख्या 2254, 2015 के अनुसार सीरिया में संकट को समाप्त करने के लिए अपने आह्वान को दोहराया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सीरिया राष्ट्रीय संस्थानों और राज्य की एकता को संरक्षित करने की आवश्यकता पर जोर देता है। मिस्र ने कहा-सीरिया की संप्रभुता का सम्मान मिस्र के विदेश मंत्रालय ने कहा कि काहिरा सभी सीरियाई दलों से राज्य और उसके राष्ट्रीय संस्थानों की क्षमताओं को संरक्षित करने का आह्वान करता है। विदेश मंत्रालय ने सीरियाई लोगों, सीरिया की संप्रभुता और उसकी भूमि की एकता और अखंडता के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की। ट्रंप ने कहा-यह रूस की हार, इजराइल की जीतअमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल कहा, असद चले गए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129